CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 23°C

नई दिल्ली, मंगलवार 15 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 103 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**योगी ने दिया प्रदेश के पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा** पेज 2



**इंग्लैंड ने लार्ड्स टेस्ट 22 रनों से जीता 193 रन नहीं बना सका भारत** खेल टाइम्स



**डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव** सम्पादकीय



**बांग्लादेश ने मोदी को 1000 किलो आम भेजे** पेज 2

# सोशल मीडिया कमेंट्स पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख

## कहा: अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत को समझें नागरिक, खुद पर लगाएं नियंत्रण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि नागरिकों को अपनी बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी की कीमत समझनी चाहिए और इसके साथ-साथ स्व-नियंत्रण और संयम का पालन करना चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि सोशल मीडिया पर बढ़ती विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर रोक लगाई जानी चाहिए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सेंसरशिप की बात नहीं कर रहा है, बल्कि चाहता है कि लोग खुद से जिम्मेदारी निभाएं और अपनी बातों में संयम बरतें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई भी नहीं चाहता कि राज्य (सरकार) इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करे। इसलिए जरूरी है कि लोग खुद जिम्मेदारी लें और सोशल मीडिया या अन्य मंचों पर ऐसा कुछ न कहें, जो समाज में तनाव फैलाए। शीर्ष अदालत ने -शेष पृष्ठ दो पर

### राज्य को बीच में लाने की जरूरत न पड़े



### मोदी पर अशोभनीय व्यंग्यचित्र विवाद: सुप्रीम कोर्ट की आरोपी को फटकार, फेसबुक से हटाएगा

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के आरोपी हेमंत मालवीय उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद उसे फेसबुक से हटाने के लिए सोमवार को तैयार हो गया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने मालवीय के आचरण पर असहमति और असंतोष व्यक्त किया। पीठ ने उनकी वकील वृंदा ग्रोवर से पूछा कि क्या याचिकाकर्ता व्यंग्यचित्र वाली अपनी फेसबुक पोस्ट हटाने को तैयार हैं। इस पर सहमति व्यक्त करते हुए अधिवक्ता ने कहा कि मैं बयान दूंगी कि मैं आपत्तिजनक टिप्पणियों का समर्थन नहीं कर रही हूं। उन्होंने मामले में अंतरिम सुरक्षा की भी गुहार लगाई और कहा कि मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा है और पुलिस उनके (मालवीय) दरवाजे पर दस्तक दे रही है। उन्होंने हालांकि कहा कि उनकी (याचिकाकर्ता की) टिप्पणियां अशोभनीय या घटिया लग सकती हैं, लेकिन वे कोई अपराधी नहीं हैं। इसलिए 50 वर्षीय इस आरोपी को अंतरिम राहत दी जानी चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि अभी भी परिपक्वता नहीं है। हम सहमत हैं कि यह भड़काऊ है। शीर्ष अदालत ने इन टिप्पणियों के साथ कहा कि वह इस मामले में मंगलवार को विचार करेगी।

# ब्रह्मांड के अतिथि शुभांशु 20 दिन बाद आज लौटेंगे धरती पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अन्य तीन साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रवाना हो गए।

एक्सिओम स्पेस ने इस बात की पुष्टि की है कि एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्षयान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4.35 बजे आईएसएस से अलग हो गया। एक्सिओम स्पेस ने बताया कि अब कई चरणों में अंतरिक्षयान के इंजन को चालू कर उसे आईएसएस से दूर ले जाया जाएगा। सेपरेशन के लगभग 22.5 घंटे बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे। खास बात यह है कि भारतीय वायु सेना में टेस्ट पायलट शुक्ला देश के पहले अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए चयनित संभावित क्रू में भी शामिल हैं। वह इस क्रू में एक मात्र ऐसे सदस्य बन गए हैं, जिनके पास अब अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव है, जो मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। मिशन की लॉन्चिंग 25 जून को हुई थी और मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। इसके मंगलवार अपराह्न 3.01 बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। ग्रुप कैप्टेन शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के 41 साल बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीत विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं। शुभांशु ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया।



### आईएसएस से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्री

### मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया

### नेशनल हेराल्ड मामले में फैसला 29 जुलाई को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत नेशनल हेराल्ड से संबंधित धन शोधन के एक मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी,लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों का संज्ञान के संबंध में 29 जुलाई को फैसला सुनाएगी। राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत के न्यायाधीश विशाल गोगने ने सोमवार को फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि ईडी के आरोपों का संज्ञान लेना चाहिए या नहीं, इस पर 29 जुलाई को कोई आदेश पारित किया जाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसी ने श्रीमती गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता के अलावा, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डॉटेक्स मर्चेंडाइज् और सुनील भंडारी को आरोपी बनाया है।

### ईडी के सामने हुई रॉबर्ट वाड्रा की पेशी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। 56 वर्षीय वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली स्थित संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। उनके साथ केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं।

### बिहार में बाढ़ व बिजली गिरने से 13 की मौत

**नई दिल्ली।** बिहार में बीते 24 घंटे में बाढ़-बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली गिरने से प्रदेश में 9 लोगों की जान चली गई। इनमें सबसे ज्यादा 5 मौतें बांका में हुई। वहीं, बाढ़ से गयाजी में 2, नालंदा और पटना में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। राजस्थान में भी बीते एक दिन में बारिश की घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई है। भीलवाड़ा में दो चचेरे भाइयों की बरसाती नाले में और राजसमंद में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई।

### असीम घोष हरियाणा व गजपति राजू गोवा के राज्यपाल बने

**नई दिल्ली।** प्रो. असीम कुमार घोष को हरियाणा और पी. अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल तथा कविन्द्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।

# निमिषा की जिंदगी के 24 घंटे शेष, प्रयास जारी

शाह टाइम्स संवाददाता



- यमन में भारतीय नर्स का जान गंवाना दुखद, विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा: सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र ने कहा: हमने बचाने की पूरी कोशिश की
- 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी

**नई दिल्ली।** यमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामला बहुत संवेदनशील है। अगर भारतीय नर्स यमन में जान गंवाती है, तो यह दुखद होगा।

मामले में सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। इस दौरान केंद्र की तरफ से अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कोर्ट में कहा कि सरकार जहां तक जा सकती थी, जा चुकी है। यमन जैसे देश के साथ भारत खुलकर कूटनीतिक दखल नहीं दे सकता। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी। वह 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल ने कोर्ट से अपील करते हुए कहा कि प्रिया का परिवार तलाल अब्दो महदी के परिवार से बातचीत कर रहा है, जिसकी मौत के चलते प्रिया को सजा मिली। निमिषा की मौत की सजा रोकी जाए। इस पर कोर्ट ने पूछा कि हम ऐसा आदेश कैसे दे सकते हैं? विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा।

## दोनों पायलटों की मेडिकल स्थिति सामान्य थी: एयर इंडिया सीईओ

**वाशिंगटन।** एयर इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर कैंपबेल विल्सन ने कहा कि दोनों पायलटों ने ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट पास किया था और उनकी मेडिकल स्थिति सामान्य थी।

प्राइमरी रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि प्लेन और इंजन में कोई टेक्निकल या मेंटेनेंस से जुड़ी खराबी नहीं थी। विल्सन ने कहा कि प्लेन के सभी जरूरी मेंटेनेंस कार्य समय से किए गए थे। ईंधन की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं थी और टेक-ऑफ रोल सामान्य था। उन्होंने कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में ये बात लिखी है।

### 'उदयपुर फाइल्स' मामले पर शीघ्र सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स-कन्हैयालाल टेलर मर्डर' के रिलीज पर रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की।

# तलाक मामले में पत्नी की कॉल रिकॉर्डिंग सबूत

शाह टाइम्स संवाददाता



- सुप्रीम कोर्ट बोला- ये निजता का उल्लंघन नहीं, रिश्ता जासूसी तक पहुंचा, तो पहले ही टूट चुका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पत्नी की जानकारी के बिना रिकॉर्ड कॉल को वैवाहिक विवादों में सबूत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि ऐसा करना पत्नी के निजता के अधिकार का उल्लंघन है और इसे सबूत के रूप में नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि शादीशुदा जीवन में गोपनीयता का अधिकार पूरा नहीं हो सकता। इंडियन एविडेंस की धारा 122 के तहत पति-पत्नी के बीच बातचीत को कोर्ट में उजागर नहीं किया जा सकता, लेकिन तलाक जैसे मामलों में इसे अपवाद मानते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि हम नहीं मानते कि इस मामले में निजता के अधिकार का कोई उल्लंघन हुआ है। धारा 122 सिर्फ पति-पत्नी के बीच संवाद की गोपनीयता को मान्यता देती है, लेकिन यह निजता के संवैधानिक अधिकार (अनुच्छेद 21) से जुड़ा नहीं है। यह केस बठिंडा की एक फैमिली कोर्ट से शुरू हुआ था, जहां पति ने पत्नी से बातचीत की रिकॉर्डिंग के आधार पर -शेष पृष्ठ दो पर



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी जाएंगे उत्तर प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर के रायबरेली के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। गांधी वहां पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आने वाले पंचायत चुनाव पर चर्चा करेंगे। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। इन चुनावों को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य 18 जुलाई से शुरू होने वाला है। पार्टी सूत्रों के अनुसार गांधी अपने दौरे में भुएमऊ सांसद आवास में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसी बीच विधानसभा चुनाव 2027 से पहले पार्टी की जमीनी हकीकत से रूबरू होने के लिए गांधी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है और इसी कड़ी में कांग्रेस नेता 17 जुलाई को रायबरेली जा रहे हैं। गांधी रायबरेली में प्रजापति समाज के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

### उमर ने मीडिया पर लगाया नेताओं की नजरबंदी की खबरों को दबाने का आरोप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को स्थानीय समाचार पत्रों पर शहीद दिवस पर 'निर्वाचित सरकार' और अधिकांश निर्वाचित प्रतिनिधियों की 'सामूहिक नज़रबंदी' की खबरों को जानबूझकर दबाने का आरोप लगाया। अब्दुल्ला ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि अधिकांश स्थानीय समाचार पत्रों ने उनके घर में नजरबंदी की खबर को दबा दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे स्थानीय समाचार पत्रों पर एक नज़र डालें। आप कायरों और हिम्मत वालों में अंतर कर पाएंगे।

# नीतीश के वायदे हकीकत कम जुमलेबाजी ज्यादाः मायावती

**लखनऊ, वार्ता**



बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने की घोषणा को हकीकत से दूर व जुमलेबाजी करार दिया है।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- बिहार में क़ानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति की राष्ट्रीय चर्चाओं के बीच संभवतः लोगों का ध्यान बांटने के लिए, राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार द्वारा चुनाव बाद सरकार बनने पर अगले पांच साल में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोज़गार उपलब्ध कराने की घोषणा वास्तव में लोगों को हकीकत से दूर, उनके अनुभवों के आधार पर 'अच्छे दिन' जैसी जुमलेबाज़ी व चुनावी छलावा ज्यादा लगता है। उन्होंने कहा कि वैसे तो विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के चुनावी वादे, दावे, घोषणाओं व छलावों के साथ-साथ कानून-व्यवस्था व कार्यकलापों आदि को लेकर इनके चाल, चरित्र व चेहरे आदि को जनता भलीभांति जानती है, फिर भी अपनी छल व छलावा की राजनीति की आदत से मजबूर ऐसे विरोधी पार्टियां चुनाव से पूर्व इस प्रकार के अनेकों लोक लुभावने वादे करने में ज़रा भी नहीं डरती व घबराती हैं। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की वर्तमान गठबंधन सरकार का नौकरी व रोज़गार का वादा इनके अन्य वादों से ज्यादा मेल खाता है, जो जनता वास्तव में अब तक के उनके अनुभव के आधार पर जानती भी है। निश्चय ही बिहार की जनता सोच- समझकर ग़रीब व सर्वजन हितैषी सरकार चुनेगी, बशर्ते कि चुनाव बाहुबल, धनबल तथा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से मुक्त पूर्णतः स्वतंत्र व निष्पक्ष हो।

# उदयपुर फाइल्स के खिलाफ सूचना मंत्रालय में याचिका दाखिल

## याचिका में कहा गया यह एक आहत करने वाली फ़िल्म हैः अरशद मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को नुक़सान पहुंच सकता हैः जमीयत उलमा-ए-हिन्द

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की ओर से हिंदी फ़िल्म 'उदयपुर फाइल्स' की प्रदर्शनी पर रोक लगाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में दायर याचिका पर न्यायालय द्वारा प्रदर्शनी पर रोक (स्टे) दिए जाने और सेंसर बोर्ड द्वारा जारी सर्टिफिकेट पर पुनर्विचार करने को लेकर अपील दाखिल करने के निर्देश के अनुपालन में आज मौलाना अरशद मदनी के अधिवक्ताओं ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के समक्ष अपील दाखिल कर दी है।

इसी बीच फ़िल्म निर्माता ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में चुनौती दी है। आज फ़िल्म निर्माता के वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया की ओर से दी गई अपील पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने सुनवाई की पुष्टि की है। मौलाना अरशद मदनी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कल रात ही कैविएट दायर कर दी गई थी, अर्थात अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मौलाना अरशद मदनी के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के तर्क भी सुने जाएंगे। मौलाना मदनी द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में दाखिल याचिका में कहा गया है कि 'उदयपुर फाइल्स' जैसी फ़िल्में समाज में नफ़रत और विभाजन को बढ़ावा देती हैं तथा इसकी प्रचार-प्रसार से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल हो सकती है। यह फ़िल्म पूर्णतः घृणा पर आधारित है और इसकी प्रदर्शनी से देश में शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। सरकार को यह भी स्मरण कराया गया है कि नूपुर शर्मा के विवादास्पद बयान के चलते भारत की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहले ही बहुत बदनामी हो चुकी है, जिस कारण भारत सरकार को राजनयिक स्तर पर स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा था कि भारत सभी धर्मों और समुदायों का सम्मान करता है। साथ ही, नूपुर शर्मा को उसके बयान के बाद बीजेपी प्रवक्ता के पद से हटाना पड़ा था। याचिका में यह भी कहा गया है कि इस फ़िल्म के निर्माता अमित जानी का अतीत और वर्तमान दोनों ही भड़काऊ गतिविधियों से भरा हैं।

## उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी ने दिए निर्देश

# कांवड़ में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धा में वातावरण में सम्पन्न हो, श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्राथमिकता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा को सुगम और सुचारु बनाए रखने के साथ यात्रा में विघ्न डालने वालों के साथ कड़ाई से पेश आने के निर्देश दिए हैं।

योगी ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए शासन-प्रशासन पूरी सजगता, संवेदनशीलता और सक्रियता से कार्य करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, चिकित्सा, पेयजल, भोजनालय, विश्रामालय और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महिला श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम हों तथा महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती की जाए। उन्होने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाए। उन्होंने खुफिया तंत्र को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या अराजकता की कोशिश को समय रहते रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटा जाए और उनके खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। योगी ने कहा कि यात्रा मार्गों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जरूरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए और शिव भजनों का प्रसारण सुनिश्चित हो, जिससे श्रद्धालु भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से जुड़ाव महसूस करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए प्रमुख अवसरों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख स्थलों पर चिकित्सा शिविर, प्राथमिक उपचार केंद्र और एम्बुलेंस सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर मुख्यमंत्री ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया कि वे खानपान सामग्री की गुणवत्ता और शुद्धता की नियमित जांच सुनिश्चित करें।

### योगी ने दिया प्रदेश के पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश को पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा दिया है। यह प्रदेश का पहला सेंटर है, जहां एक छत के नीचे बच्चों से लेकर बुजुर्गों को आर्थोपेडिक से संबंधित रोग का इलाज मिल सकेगा। इस सात मंजिला बिल्डिंग में मरीजों को ऑर्थोप्लास्टी, स्पाइन सर्जरी, स्पोर्ट्स मेडिसिन, पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स, रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी जैसी चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी अब प्रदेशवासियों की हड्डी से जुड़ी बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सेंटर का 86 करोड़ रुपए की लागत से विस्तार किया गया है। इस सेंटर में कुल 340 बेड की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें आठ अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर भी शामिल हैं।

# मोदी को बांग्लादेश से तोहफे में मिले 1000 किलो हरिभंगा आम

**नई दिल्ली/ढाका।**

■ अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर यूनुस ने बरकरार रखी मैंगो डिप्लोमेसी, ममता को भी आम गिफ्ट किए

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के 1000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें पीएम मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिए जाएंगे। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं। ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए। बांग्लादेश में 'हरिभंगा' प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है। बांग्लादेशी अखबार डेली सन की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं और सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं। बांग्लादेश से भारत में आम भेजने की यह परंपरा नई नहीं है। पहले की सरकारें भी भारत को आम भेजती रही हैं। इस बार यह कदम खास इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था। उनके हटने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में थोड़ी दूरी आ गई थी, क्योंकि हसीना भारत की करीबी मानी जाती थीं।



सेंसेक्स 82253.16
निफ्टी 2582.30



सोना रु. 98303
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113867
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन रही गिरावट



**मुंबई, वार्ता**

मेरिका में ट्रम्प सरकार की व्यापार नीति से फैली अनिश्चितताओं और मांग को लेकर बढ़ती चिंता के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार चौथे दिन सोमवार को जारी रहा। खास कर टेक्नोलॉजी और ऑटो कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के दबाव से बीएसई30 पिछले बंद के मुकाबले 247.01 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82253.46 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 67.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत घटकर 2582.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई सेंसक्स में एशियन पेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, टीसीएस, मारुति, टाटा मोटर, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक सहित 20 शेयर गिरावट में बंद हुए। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में इटर्नल, टाइटन, सनफार्मा, आईटीसी, एम एंड एम, टाटा स्टील और अडानी पोर्ट तथा एसबीआई जैसे शेयर शामिल हैं।

### निजी कंपनियों को सीएसआर खर्च बढ़ाने की जरूरतः क्रिसिल

**नई दिल्ली।** खाड़ी देशों, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में कुशल कामगारों की बढ़ती मांग को देखते हुए निजी कंपनियों को कौशल विकास में खर्च बढ़ाने की जरूरत है, ताकि इस अवसर का लाभ उठाया जा सके। बाजार अध्ययन कंपनी क्रिसिल की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2014-15 के अब तक देश की निजी कंपनियों ने कौशल विकास पर 2.22 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जो उनके कुल सीएसआर खर्च का मात्र 3.5 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि खाड़ी सहयोग परिषद, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के देशों में कुशल कामगारों की काफी कमी है - विशेष रूप से स्वास्थ्य, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और निर्माण क्षेत्र में कुशल लोगों की जरूरत है। क्रिसिल की बिजनेस हेड (रिस्क सॉल्यूशन) बिनाइफर जहानी ने कहा कि सीएसआर निवेश को छिटपुट कौशल विकास गतिविधियों से कहीं आगे ले जाने की जरूरत है। सरकार की पहलों के साथ मिलकर सीएसआर में भारत के वैश्विक कार्यबल को तैयार करने की काफी क्षमता है। हमारे विश्लेषण में यह बात सामने आयी है कि इस क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए चरणबद्ध तरीके से कौशल की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने की जरूरत है। क्रिसिल ने तीन तरह के कौशल विकास लक्ष्यों की पहचान की जरूरत बताई है।

### चांदी ऑल टाइम हाई पर सोना भी 792 महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** चांदी की कीमत लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को एक किलो चांदी की कीमत 3,577 रुपए बढ़कर 1,13,867 रुपए पर पहुंच गई है। शुक्रवार को यह 1,10,290 रुपए प्रति किलो पर थी। 24 कैरेट सोने के दाम में भी आज तेजी है। ये 792 रुपए महंगा होकर 98,303 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुक्रवार को सोने का दाम 97,511 रुपए प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले 18 जून को सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,700 रही, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी। जबकि कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 रही। इसके अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 रही।

# खुदरा मुद्रास्फीति घटकर निचले स्तर पर

**नई दिल्ली, वार्ता**



सब्जियों और दलहनों की कीमतों में भारी गिरावट के कारण जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 77 महीने के निचले स्तर 2.10 प्रतिशत पर आ गई। जनवरी 2019 के बाद से जून 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति अपने न्यूनतम स्तर पर है।

जून 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.08 प्रतिशत और इस साल मई में यह 2.82 प्रतिशत थी। जून में खाद्य मुद्रास्फीति शून्य से 1.06 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी खुदरा मूल्य सूचकांक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल जून की तुलना में इस साल जून में सब्जियों के भाव 19 प्रतिशत नीचे थे। दाल-दलहनों तथा उससे तैयार उत्पादों की कीमतों में भी सालाना आधार पर 11.76 फीसदी की कमी आयी है। इससे समग्र खाद्य वस्तुओं का खुदरा मूल्य स्तर एक साल पहले से 1.06 प्रतिशत घटा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार जून में मसालों के भाव में सालाना आधार पर 3.03 प्रतिशत की कमी हुई, जबकि मांस-मछली के खुदरा दाम 1.62 प्रतिशत दर्ज ऊपर थे। अंडा, दूध तथा डेयरी उत्पादों की कीमतों में सालाना आधार पर महंगाई तीन प्रतिशत से कम रही। अनाजों चीनी तथा कंफेक्शनरी उत्पादों में जून की मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से कम रही। इसके विपरीत तेल एवं वसा उत्पाद 17.75 प्रतिशत और फल सालाना आधार पर 12.59 प्रतिशत मंहगे हैं। अन्य उत्पादों में सौंदर्य प्रसाधन 14.76 प्रतिशत महंगे हुए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की महंगाई दर 4.43 प्रतिशत और शिक्षा 4.37 प्रतिशत महंगी हुई है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में जून में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर ज्यादा बढ़ी। शहरी क्षेत्र की मुद्रास्फीति 2.56 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्र की 1.72 फीसदी रही। अक्टूबर 2024 के बाद लगातार आठवें महीने मुद्रास्फीति घटी है। इसे आने वाले महीनों में रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति को और उदार बनाने में आसानी होगी। केंद्रीय बैंक ने अभी अपनी जून की बैठक में रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी। रेपो दर इस समय 5.5 प्रतिशत है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सोशल मीडिया...** नागरिकों के बीच भाईचारे की भावना बनाए रखने की जरूरत पर भी जोर दिया और कहा कि आज के समय में जब अलगाववादी विचार तेजी से फैल रहे हैं, तो नागरिकों को सोच-समझकर बोलना चाहिए। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस पर संविधान में पहले से ही युक्तिपूर्ण सीमाएं हैं और लोगों को इन सीमाओं का पालन करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान दी, जिसमें सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और उकसाने वाली पोस्ट को लेकर चिंता जताई गई थी। अदालत इस बात पर विचार कर रही है कि क्या आचार संहिता बनाई जा सकती है, जिससे ऑनलाइन अभिव्यक्ति की आजादी और समाज में सौहार्द के बीच संतुलन बना रहे। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ सोशल मीडिया पर एक हिंदू देवी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में दर्ज कई एफआईआर से राहत मांगने वाले वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले कोर्ट ने 23 जून को वजाहत खान को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी थी, जिसे अब 14 जुलाई से आगे बढ़ा दिया गया है। वजाहत खान का कहना है कि उनके पुराने ट्वीट्स के कारण उनके खिलाफ असम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में केस दर्ज किए गए हैं। उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने पहले खुद एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनौली के खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। जवाब में उनके खिलाफ ही कई एफआईआर दर्ज कर दी गई। कोर्ट ने वजाहत खान को गिरफ्तारी से मिली अंतरिम राहत अगली सुनवाई तक बढ़ा दी है। साथ ही, वकीलों से इस बड़े मुद्दे पर मदद मांगी है कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कैसे आत्मनियंत्रण और जिम्मेदारी के साथ उपयोग में लाया जाए।

**तलाक मामले में...** तलाक की अर्जी दी थी। कोर्ट ने कॉल रिकॉर्डिंग को सबूत के तौर पर मान लिया। पत्नी ने इस फैसले को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने इसे निजता का उल्लंघन बताया और कहा कि इस रिकॉर्डिंग को सबूत नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट और अन्य फैसलों का हवाला देते हुए कहा था कि पति-पत्नी की निजी बातचीत को चोरी-छिपे रिकॉर्ड करना कानूनन गलत है। हमेशा पति-पत्नी के मामले में गवाह नहीं होता पति के वकील ने कहा कि निजता का अधिकार सीमित हैं और उसे अन्य संवैधानिक अधिकारों के साथ संतुलित करना चाहिए। वैवाहिक विवादों में कई बार ऐसे मामले होते हैं, जो केवल पति-पत्नी के बीच घटते हैं और कोई गवाह नहीं होता। ऐसे में तकनीक की मदद से जुटाए गए सबूत जरूरी हो जाते हैं।

# बिहार में मताधिकार छीनने की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग के साथ मिलकर जनता के मताधिकार छीनने साजिश कर रही है, लेकिन इसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा और बिहार की जनता इसका करारा जवाब देगी। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज यहां कहा कि बिहार के आठ करोड़ मतदाताओं पर भाजपा की थोपी 'वोटबंदी' की मार, लोकतंत्र पर 'तालाबंदी' के साथ ही घर-घर से 'अवैध वसूली' का जरिया है। मतदाता पुनरीक्षण की आड़ में चल रहा ये फर्जीवाड़ा, मताधिकार छीनने की साजिश और उगाही का धंधा बन गया है। उन्होंने कहा कि घर-घर वोटरों की जांच से लेकर दस्तावेजों की जानकारी तक और फार्म पहुंचाने से लेकर जमा दिखाए जा रहे भरे हुए फार्म की रिसीविंग तक सब फर्जी है। भाजपा के डबल इंजन में वोट देने का संवैधानिक अधिकार भी नीलाम हो रहा है लोगों के मताधिकार को भी उगाही के बदले बेचा जा रहा है। सुरजेवाला ने चुनाव आयोग को कठपुतली करार देते हुए कहा कि भाजपा की कठपुतली बने चुनाव आयोग के 14 दिन में ही बिहार के 80 प्रतिशत मतदाताओं यानी छह करोड़ से अधिक लोगों के घर तक फार्म पहुंचाने और भरे हुए फॉर्म जमा करा लेने के सारे दावे 'कागज़ी' हैं।

### गांधी के प्रपौत्र का अपमान भाजपा को महंगा पड़ेगाः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस अब गांधीवादी विचारों की हत्या पर उतर आए हैं और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष सर झुकाने वाले भाजपा-आरएसएस ने बापू के प्रपौत्र का अपमान भी कर दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां एक बयान में कहा कि आरएसएस के इशारे पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार अब महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी के अपमान पर उतर आई है। नीलहे किसानों के शोषण और दमन के खिलाफ़ गांधीजी के संघर्ष ने जिस चंपारण का नाम दुनिया के नक्शे पर ला दिया, उसी धरती पर तुषार गांधी को सामुदायिक भवन से निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि महात्मा की मूर्ति के सामने सिर झुकाने का ढोंग करने वाली भाजपा तथा जनता दल (यूनाइटेड) नेताओं को गांधीवादियों की बैठक तक मंजूर नहीं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# दिल्ली में तकनीक आधारित शिक्षा मॉडल होगा लागू : शिक्षा मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा है कि पिछली सरकार ने दस वर्षों में शिक्षा को वोट बटोरने का औजार बनाने का काम किया गया था। दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को पिछड़ने का काम किया गया। दिल्ली के शिक्षा के मॉडल में कुछ कमरे और स्वीमिंग पूल बना देना मॉडल नहीं हो सकता। दिल्ली में सरकारी स्कूल एक हजार रह गए और निजी स्कूल बढ़कर १७०० हो गए। क्योंकि सरकारी स्कूल पढ़ाई के तौर-तरीकों में पिछड़ गए। उन्होंने कहाष्रेखा सरकार में एआई व तकनीक आधारित शिक्षा मॉडल लागू होगा। ३७ हजार क्लास में ७०० स्मार्ट बोर्ड थे। सभी सीएमश्री स्कूलों में २१००० स्मार्ट क्लास बनाएंगे। देश में एक बोर्ड पर्याप्त है इसलिए दिल्ली सरकार के स्कूलों में सीबीएसई से पढ़ाई होगी। इसलिए डीबीएसई को बंद करने का फैसला लिया गया है। २७ वर्षों से स्कूलों में अभिभावकों पर तरह तरह के आर्थिक बोझ लादे जाते हैं।

सूद ने कहा कि नएघ्एक्ट को दिल्ली कैबिनेट से स्वीकृति देकर राष्ट्रपति के पास अनुमोदन के लिए भेजा है। इसे नए वर्ष से लागू किया जाएगा।घ्मातृ भाषा में कोई भी व्यक्ति बेहतर सोच सकता है इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा में मातृ भाषा में शिक्षा का प्राविधान किया गया है। साइंस ऑफ लिविंग में सिविक सेंस की पढ़ाई नर्सरी से ही होनी चाहिए। अध्यात्म को भी शामिल किया जाएगा। २१ हजार टैबलेट बांटे जाएंगे। दिल्ली सरकार के पास पिछले सरकार के गलत प्रबंधन के कारण बजट का अभाव है।

गरीब बच्चों की मदद के लिए सीएसआर के तहत मदद कीजिए। जल्द ही सरकार एक सीएसआर ट्रेल शुरू करेगी। एक वर्ष में पढ़ाई का तौर तरीका बदल कर दिखाएंगे। १२ दिल्ली विवि को ग्रांट दिए। १६ कॉलेजों को पांच प्रतिशत ग्रांट दिल्ली सरकार देती है।

## गाड़ी में पेट्रोल डालकर लगाई आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आरके पुरम इलाके में सेक्टर-8 स्थित मार्केट में बाइक मैकेनिक गया प्रसाद उर्फ कालू ने पार्किंग विवाद के कारण एक सफाई कर्मचारी राहुल चौहान पर पेट्रोल डाल दिया, इसी बीच कार में राहुल के साथ बैठा उनका एक जानकार सिगरेट पी रहा था, जिससे आग लग गई। आग लगने से राहुल २० प्रतिशत तक झुलस गया। पुलिस के अनुसार, गया प्रसाद ने कार हटाने को कहा, लेकिन राहुल ने मना कर दिया।

इस पर आरोपी ने गुस्से में पेट्रोल डाल दिया। कार में बैठे उनका साथी सिगरेट पी रहा था, जिससे आग लग गई। राहुल के चेहरे और सीना करीब २० प्रतिशत तक जल गया। घायल को तुरंत ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी गया प्रसाद के खिलाफ बीएनएस की धारा १०९(१) के तहत हत्या के प्रयास का मामला मामला दर्ज कर लिया है।

# 14 माह के मासूम अहमद की मौत के बाद हादसे में मरने वालों की संख्या सात हो गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वेलकम इलाके की जनता कॉलोनी में चार मंजिला इमारत गिरने के बाद अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा १४ माह का मासूम अहमद मौत से हार गया। रविवार देर शाम इलाज के दौरान उसने जीटीबी अस्पताल में दम तोड़ दिया। अहमद की मौत के बाद हादसे में मरने वालों की संख्या सात हो गई है। यह मनहूस खबर उस वक्त आई जब परवेज अपने परिवार के छह लोगों के शव सुपुद्र ए खाक करके रिश्तेदारों के साथ लौटा। परवेज ने माता-पिता, दो भाई, बहन और भांजी के बाद अब बेटा भी खो दिया। परवेज और उसकी पत्नी शीजा का इकलौटे बच्चे की मौत के बाद रो-रोकर बुरा हाल था।

अहमद की मौत की खबर के बाद परिजन अस्पताल पहुंच गए। परिजन मांग कर रहे थे कि बना पोस्टमार्टम के ही अहमद का शव उनको दे दिया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी परिवार को समझाने में जुटे थे। उनका कहना था कि औपचारिता पूरी करने के बाद ही शव को परिवार के हवाले किया जाएगा। परवेज की मौसी खुर्शीद जहां ने रोते हुए बताया कि अब्दुल मतलूब का लगभग पूरा परिवार ही खत्म हो गया। रोते हुए परवेज कहे जा रहा था कि उनका बेटा अहमद ज्यादातर अपने दादा-दादी के पास ही रहता था। शीजा भी अपने बच्चे को लेकर बेफिक्र रहती थी। हादसे के बाद सभी लोग अहमद के लिए दुआएं मांग रहे थे। रविवार को उसकी तबीयत में सुधार भी हुआ था, लेकिन शाम के समय अचानक तबीयत बिगड़ी और उसकी सांस थम गई।

पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही ईदगाह में सभी छह लोगों के शव पहुंचे तो नावेद और परवेज माता-पिता, भाइयों और बहन के शव देखकर फूट-फूटकर रोने लगे। एक ही परिवार के छह सदस्यों के शव और दोनों भाइयों को रोता देख पड़ोसी और रिश्तेदार के अलावा वहां जमा लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

अब्दुल मतलूब की बेटी आफिया उर्फ मोनी तो परिजनों के शव देखकर बेसुध हो गई। होश आने पर अपने मामा से लिपटकर रोने लगी। उसका कहना था शुक्रवार को ही तो अम्मी, बाजी और भाई उसके घर से लौटे थे। दिल्ली पहुंचकर उसने अपने परिजनों से वीडियो कॉल पर बात की थी। अगले दिन सुबह उसको यह मनहूस खबर मिली। मतलूब के दूर दराज से शायद ही कोई रिश्तेदार होगा जो दिल्ली उनके घर न पहुंचा हो।

# ग्रीन कैटेगरी इंडस्ट्रीज को कंसेंट टू ऑपरेट देने की समय-सीमा घटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से जुड़ा एक ऐतिहासिक सुधार लागू किया है, जिससे ग्रीन कैटेगरी इंडस्ट्रीज को डीपीसीसी से मिलने वाले अप्रूवल में होने वाली देरी अब खत्म हो जाएगी। अगस्त २०२५ से, ऐसी इंडस्ट्रीज के कंसेंट टू ऑपरेट के आवेदन अगर २० दिनों के भीतर प्रोसेस नहीं होते, तो उन्हें अपने आप अप्रूव्ड माना जाएगा।

पहले यह समय-सीमा १२० दिन थी। इस फैसले की घोषणा करते हुए पर्यावरण और उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि "यह दिल्ली के व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। मैं इस सुधार को लागू करने में सहयोग देने के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ। डबल इंजन सरकार ने वो कर दिखाया जो ५० सालों में नहीं हुआ -यह सिर्फ रिफॉर्म नहीं, बल्कि दिल्ली की उद्योग नीति में एक ऐतिहासिक बदलाव है।" उन्होंने आगे कहा कि "यह दिल्ली के उद्यमियों और उद्योग जगत को साफ संदेश है ख्र दिल्ली जिम्मेदार व्यापार के लिए तैयार है। हम पुराने लाइसेंस सिस्टम की उलझनों को खत्म कर रहे हैं। यही है मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली का मॉडल - जनता के लिए, विकास के लिए और तेज फैसलों के लिए । मंत्री ने बताया कि यह सुधार ६५ से अधिक ग्रीन कैटेगरी इंडस्ट्रीज को सीधा फायदा देगा ख्र जो कम प्रदूषण फैलाने वाले और लो-रिस्क सेक्टर माने जाते हैं। इनमें शामिल हैं - रेडीमेड गारमेंट्स , ऐलुमिनियम और पीवीसी यूनिट्स, बॉयलर के बिना आयुर्वेदिक दवाइयाँ, कोल्ड स्टोरेज, लकड़ी और स्टील के फर्नीचर, इलेक्ट्रिक ओवन वाली कन्फेक्शनरी यूनिट्स, ऑप्टिकल प्रोडक्ट्स, खिलौने, कार्डबोर्ड और पैकेजिंग मैन्युफैक्चरिंग आदि।



पर्यावरण और उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से जुड़ा सुधार की घोषणा करते हुए।

## एक नजर

### गोयल ने की आवारा कुत्तों की जनगणना की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने बताया कि अब आवारा कुत्तों द्वारा प्रताड़ित किए जाने और काटने की शिकायत दिल्ली में दिल्ली नगर निगम की एक ही हैल्प लाईन नंबर पर की जा सकेगी। आवारा कुत्तों की समस्या पर महापौर राजा इकबाल सिंह, स्टैंडिंग कमेटी की चौयरमेन सत्या शर्मा और कमीशनर अश्वनी कुमार के साथ उनकी एक बैठक हुई, जिसमें इस बात पर सहमति हुई कि अलग-अलग जोन के कंट्रोल रूम के टेलीफोन पर शिकायत की जगह एक सेंट्रल हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए।गोयल ने बताया कि शीघ्र ही दिल्ली नगर निगम इस नंबर को जारी करेगी। अभी आवारा कुत्तों के काटने की शिकायत दर्ज कराने के लिए नगर निगम ने १२ जोन के नंबर प्रसारित कर रखे हैं। पहले तो नागरिकों को यही पता नहीं होता था कि उनका मकान किस जोन में आता है और फिर उस जोन का नंबर क्या है। इसलिए बहुत से लोग आवारा कुत्तों के काटने की शिकायत ही नहीं कर पाते थे। अब एक नंबर होने से लोग आसानी से अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगे और यह शिकायत कम्प्यूटराइज्ड भी हो जाएगी। गोयल ने कहा कि उन्होंने मीटिंग में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए नगर निगम से और अधिक गाड़ियों का प्रस्ताव रखा। दिल्ली में प्रतिदिन लगभग २००० घटनाएं कुत्तों के काटने की सामने आ रही हैं, जो स्पष्ट रूप से एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट की ओर संकेत करती है। रेबीज जैसी घातक बीमारी के प्रसार का भी कुत्तों के काटने से खतरा बना रहता है। भारत में प्रतिवर्ष लगभग २०,००० लोग रेबीज से मारे जाते हैं।

### बिजली की बचत बेहद जरुरी: रामचंद्रन

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिकल ब्रांड वी-गार्ड इंडस्ट्रीज ने अपने नए एयरविज सीरीज सीलिंग फैन लॉन्च किए हैं। ये पंखे बिजली की बचत करने में भी असरदार हैं। लॉन्च के बारे में बात करते हुए, वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर,मिथुन चित्तिलप्पिल्ली ने कहा, बिजली की बचत बेहद जरुरी है ऐसे में एयरविज बीएलडीसी फैन का लॉन्च वी-गार्ड की एनर्जी एफिशिएंट होम्स की दिशा में एक अहम् उपलब्धि है। वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के डायरेक्टर और सीओओ, रामचंद्रन वी ने कहा, वी-गार्ड में हमारा हमेशा से फोकस ऐसे इनोवेटिव प्रोडक्ट्स पर रहा है, जो एक स्मार्ट और बेहतर कल की नींव रखें। एयरविज सीरीज हमारी इसी सोच का उदाहरण है, जहाँ स्लीक डिजाइन और दमदार परफॉर्मेंस का बेहतरीन मेल है।

### इंश्योरेंस को लेकर जागरुकता अभियान

**नई दिल्ली।** दिसंबर 2023 के एनआईए अध्ययन (i) के अनुसार, भारत एक उल्लेखनीय जीवन बीमा सुरक्षा की कमी से जूझ रहा है। इस कमी का अंतर 2019 में 83% से बढ़कर 2023 में 87% हो गया है। 18 से 35 वर्ष की उम्र के लोगों में 90% से ज्यादा की यह कमी और भी ज्यादा साफ तौर पर दिखाई देती है। यह बढ़ती असुरक्षा परिवारों की वित्तीय सुरक्षा (फाइनैंशियल सेक्योरिटी) और उम्मीदों के लिए एक गंभीर खतरा है।इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी के एक सदस्य ने कहा, सबसे पहले तो यह जान लें कि लाइफ इंश्योरेंस सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि यह समय की एक साफ-साफ पुकार है कि हम वित्तीय योजना से कैसे जुड़ते हैं, उसके लिए क्या करते हैं। हम अक्सर धन कमाने की कोशिशों में उसकी सुरक्षा को नजरअंदाज करते हैं और यह सोचते हैं कि बाद में देखा जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य इसी मानसिकता को बदलना है।

### नॉन-स्मोकर्स में भी बढ़ रही फेफड़ों की बीमारियां

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण भी इंसान के डीएनए को इतना नुकसान पहुंचा रही हैं कि फेफड़ों में ट्यूमर बनना शुरू हो जाता है। ताजा अध्ययन में जिन लोगों ने कभी सिगरेट नहीं छुई, उनके फेफड़ों में भी ऐसे म्यूटेशन पाए जा रहे हैं। खास बात यह है कि प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के ट्यूमर में यह म्यूटेशन अधिक मात्रा में मिले हैं। म्यूटेशन से तात्पर्य है डीएनए अनुक्रम ? में होने वाला स्थायी परिवर्तन। यह परिवर्तन कोशिकाओं के भीतर जीन की संरचना को प्रभावित करता है, जिससे प्रोटीन बनने की प्रक्रिया में गड़बड़ी हो सकती है। म्यूटेशन स्वाभाविक रूप से हो सकता है या बाहरी कारकों जैसे वायु प्रदूषण, धूम्रपान, रेडिएशन या रसायनों के संपर्क से भी हो सकता है।

# फास्ट फूड के इस्तेमाल से बढ़ रहीं पेट संबंधित बीमारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** खान-पान में फास्ट फूड का अधिक इस्तेमाल और प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं के बढ़ते इस्तेमाल भी कैंसर का एक बड़ा कारण बनने लगा है। इससे पाचन तंत्र व पेट से संबंधित कैंसर बढ़ रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) की पूर्वी दिल्ली शाखा द्वारा आयोजित एक स्वास्थ्य सम्मेलन में डाक्टरों ने यह बात कही। डॉक्टरों ने इस सम्मेलन में कैंसर की बीमारियों से बचाव के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

गंगाराम अस्पताल के सर्जिकल गैस्ट्रोइंटेरोलाजी विभाग के चेयरमैन पद्म डॉ. सौमित्र रावत ने बताया कि २० से २५ वर्ष पहले की तुलना में पाचन तंत्र से संबंधित कैंसर दोगुना बढ़ गया है।

इससे मौजूदा समय में कैंसर के करीब ३० प्रतिशत मामले भोजन नली, पेट, छोटी आंत, बड़ी आंत, लिवर व पैंक्रियाज के कैंसर से जुड़े होते हैं। पहले लोग घर का बना देशी खानपान इस्तेमाल करते थे। इसलिए पाचन तंत्र से संबंधित कैंसर बहुत कम होता था। पश्चिमी देशों की तरह अब यहां भी लोग फास्ट फूड, पैकेट व डिब्बा बंद खाद्य वस्तुओं का इस्तेमाल अधिक करने लगे हैं। प्रसंस्कृत खानपान में हानिकारक रसायन होते हैं, जो धीरे-धीरे कैंसर का कारण बनता है। मोटापा भी पेट से संबंधित कैंसर का कारण बन रहा है। इसलिए लोगों को अपने फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए। खानपान में फल, हरी सब्जियों और पौष्टिक आहार इस्तेमाल करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि जागरूकता के अभाव कैंसर के ज्यादातर मरीज एडवांस स्टेज में इलाज के लिए पहुंचते हैं। यदि भोजन निगलने में परेशानी होने लगे तो यह भोजन नली के कैंसर का संकेत हो सकता है। भोजन के बाद यदि अक्सर पेट में भारीपन रहना पेट के कैंसर व शौच में खून आना कोलोरेक्टल कैंसर का लक्षण हो सकता है।

## थाने की पहली मंजिल से छलांग लगाई

**नई दिल्ली।** सुभाष प्लेस थाने की पहली मंजिल से पुलिस हिरासत से भागने के दौरान लूट के आरोपी ने छलांग लगा दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल को पुलिस ने तुरंत पीतमपुरा स्थित भगवान महाव. ीर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे आरएमएल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इलाज के बाद आरोपी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, आरोपी को लूट मामले में गिरफ्तार किया गया था। उसे पांच दिन की रिमांड पर लेकर लूट की बाकी रकम को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही थी, तभी आरोपी ने भागने की कोशिश की और छत से छलांग लगा दी।

# जलभराव से निपटने को 465 मोबाइल पंप भी तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने बताया कि दिल्ली नगर निगम मानसून के दौरान जलभराव से निपटने के लिए जमीनी स्तर पर उतरी हुई है। जल भराव को रो. कने के लिए एक सक्रिय व मजबूत कार्ययोजना के तहत कार्य किया जा रहा है ताकि शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में समय पर और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने बताया कि इस दिशा में ७९ स्थायी पंपिंग स्टेशन पूरी तरह से क्रियाशील हैं। इसके अलावा, विभिन्न क्षमताओं के ४६५ मोबाइल पंप भी तैनात किए गए हैं ताकि जल की त्वरित निकासी सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही, नगर निगम ने सभी १२ जोन में जलभराव की आशंका वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पोर्टेबल पंप भी लगाए हैं।

श्रीमती शर्मा ने कहा कि सभी उपायुक्त, जोनल प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी सतर्क हैं और निरंतर फील्ड पर नजर बनाए हुए हैं। इनकी सक्रिय निगरानी के चलते मानव संसाधन और तकनीकी उपकरणों की तुरंत तैनाती हो रही है, जिससे जलभराव की समस्या पर समय रहते काबू पाया जा रहा है।



केरल नगर पालिका प्रतिनिधिमंडल महापौर से मुलाकात करते हुए।

# मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन से की भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हवाई सम्पर्क विस्तार और शिमला व धर्मशाला को नियमित हवाई सेवाओं का आग्रह किया मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से भेंट कर हिमाचल प्रदेश में हवाई सम्पर्क को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने दिल्ली- शिमला- धर्मशाला और धर्मशाला-शिमला- दिल्ली हवाई उड़ानों का संचालन नियमित रूप से करने का आग्रह किया जो वर्तमान में केवल तीन दिन ही संचालित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि नियमित उड़ाने नहीं होने से पर्यटकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने धर्मशाला नाइट लेडिंग की सुविधा शुरू करवाने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने श्री नायडू को कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार की स्थिति की जानकारी दी और



भूमि अधिग्रहण की अधिक लागत को ध्यान में रखते हुए विशेष सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पूर्व में एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री के साथ भी इस विषय पर चर्चा कर नागरिक उड्डयन मंत्रालय से सहायता का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि इस हवाई अड्डे के निर्माण से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। श्री सुक्खू ने प्रदेश में हवाई सम्पर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चार नए हैलीपोर्ट के निर्माण का भी अनुरोध किया।

# केरल नगर पालिका प्रतिनिधिमंडल ने की महापौर राजा इकबाल सिंह से भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केरल की रामनाथुकारा नगर पालिका से 31 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल नें आज माननीय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह से दिल्ली नगर निगम मुख्यालय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात का उद्देश्य एमसीडी द्वारा अपनाई गई ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों की जानकारी प्राप्त करना था। प्रतिनिधिमंडल में रामनाथुकारा नगर पालिका की चेयरपर्सन श्रीमती पुष्पा व पार्षदगण और वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे, जिन्होंने दिल्ली के महापौर और निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। नेता सदन श्री प्रवेश वही भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम की नागरिक सेवाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विशेष रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी रणनीतियों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दिल्ली जैसे विशाल और सघन आबादी वाले नगर क्षेत्र में एमसीडी नवाचार, कार्य कुशलता और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से श्रेष्ठ नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एमसीडी अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को निगम की व्यापक अपशिष्ट प्रबंधन रणनीति के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दिल्ली में प्रतिदिन लगभग ११,५०० मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें से लगभग ८,००० मीट्रिक टन का निपटान अपशिष्ट- से-ऊर्जा, कम्पोस्टिंग तथा अन्य वैज्ञानिक विधियों से किया जाता है। शेष ३,५०० मीट्रिक टन के निपटान हेतु निगम द्वारा नई, तेज और टिकाऊ तकनीकों को अपनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# डॉ. रवि देव कर्मयोगी को दिया 'उत्तर प्रदेश रत्न' सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर और बिहार सरकार में पूर्व मंत्री दद्दन यादव ने दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ. रवि देव कर्मयोगी को स्वास्थ्य, शिक्षा और समाज सेवा में योगदान के लिए सम्मानित किया।




सम्मान समारोह में पूर्व राज्य मंत्री ने 'नशा मुक्ते भारत' का संदेश दिया, विधायक दद्दन यादव ने उठाई 'संस्कारयुक्त शिक्षा' की बात की। समाजसेवा, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे डॉ. रवि देव कर्मयोगी को 'उत्तर प्रदेश रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह में विभिन्न राज्यों से कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। इस मौके पर कौशल किशोर, बिहार सरकार के वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री दद्दन यादव, इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रविंद्र सिंह यादव, केंद्रीय विश्वविद्यालय किशनगढ़ (राजस्थान) के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उद्योगपति राकेश यादव और फिट इंडिया ब्रांड एम्बेसडर पर्वतारोही अनिल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा डॉ. रवि देव जैसे कर्मयोगी समाज को दिशा देने का काम कर रहे हैं।


शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# हाउस टैक्स निरस्त करने के बाद भी भेज रहे हैं नोटिस: मनोज गोयल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने बताया कि पूर्ण बहुमत से निरस्त हाउस टैक्स को सदन से निरस्त करने के बाद भी निगम अधिकारी लगातार जनता को नोटिस भेजे रहे हैं यह सदन का अपमान है सदन की बैठक में उपस्थित अतुल गर्ग सांसद, सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री, संजीव शर्मा विधायक, अजीत पाल त्यागी विधायक और समस्त पार्षद गणो का अपमान अब सहन नहीं करेंगे।



नगर निगम में 30 जून को हुई बैठक में हाउस टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव सर्व सहमति से निरस्त कर दिया गया था। इस बोर्ड बैठक में सांसद, मंत्री, विधायक समस्त पार्षद गण एवं महापौर द्वारा हाउस टैक्स वृद्धि को निरस्त क्या गया था उसे बैठक की मिनिट्स लेने के लिए 4 जुलाई को कुछ पार्षदों का प्रति. निधिमंडल सदन सचिव अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर से मुलाकात करके उनसे बोर्ड बैठक में हुई कार्रवाई की मिनट्स मांगी गई थी उन्होंने कहा था कि आपको 10 दिन में दे देंगे आज इसी विषय में दोबारा एक प्रति. निधिमंडल अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव जी से मिला और उनसे मिनटस की कॉपी मांगी। इस विषय में उन्होंने आज भी कॉपी देने में कुछ समय मांगा बोर्ड प्रस्ताव निरस्त होने के बाद भी नगर निगम द्वारा बड़े हुई दरों पर हाउस टेक्स वसूली की जा रही है जिसका विरोध पार्षद गण लगातार कर रहे हैं सभी ने एक स्वर में अधिकारी को बोला 18 जुलाई में हम लोग दोबारा आएंगे और जब तक हमें कॉपी नहीं मिलेगी तब तक हम निगम से जाएंगे नहीं और वही अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे। इस अवसर पर पार्षद नीरज गोयल, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद कुसुम मनोज गोयल, पार्षद नरेश भाटी, पार्षद पूनम सिंह ,पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय, पार्षद देवनारायण शर्मा, पार्षद अजीत निगम, पार्षद कन्हैया लाल, पार्षद संतोष राणा उपस्थित रहे।

## एक नजर

# खराब स्ट्रीट लाइट से अंधेरे में कट रही लोगों की रात

### कई बार शिकायत देने के बाद भी नगर निगम ने ठीक नहीं की लाइट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गार्डन एनक्लेव मेना पुर वार्ड नंबर 46 में करीब तीन महीने से स्ट्रीट लाइट खराब है। लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। आरोप है कि मेन रोड पर अंधेरा छाने से रात के दौरान कोई भी अराजक तत्व घटना को अंजाम दे सकता है।



शिकायतकर्ता गणेश पाठक ने बताया कि लाइट ठीक करने के लिए नगर निगम के पोर्टल सिविल सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड पर कई बार कंप्लेंट डाली गई। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया की जो पोर्टल पर लाइट की शिकायत डाली थी उस शिकायत को प्रकाश निरीक्षक कवि नगर जोन मनोज शर्मा ने यह कहते हुए क्लोज कर दिया गया कि वह लाइट प्राइवेट लगी हुई है परंतु शिकायतकर्ता ने शिकायत पत्र में कहा कि वह लाइट नगर निगम द्वारा ही लगाई गई थी। शिकायतकर्ता ने नगर निगम के प्रकाश विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है गार्डन एनक्लेव में कई स्ट्रीट लाईट महीनों से खराब पड़ी हैं।

लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी इन्हें ठीक करने के लिए नहीं आ पा रहे हैं। रात के समय अंधकार रहने से निवा. सियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेता. वनी दी है कि यदि समाधान नहीं हुआ तो अगले हफ्ते प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई जाएगी

## डीपीएस मोदीनगर में भव्य फ्रेंच दिवस समारोह

# भाषा, संस्कृति और वैश्विकता का संगम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सोमवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में दिनांक 14 जुलाई 2025 को अत्यंत हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ फ्रेंच दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को फ्रेंच भाषा, उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला और परंपराओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में फ्रेंच शिक्षिका नेहा सहगल (एमपीजी एस,वेदव्यासपुरी) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी, ट्रस्टी अनीशा गांधी, अर्शिया गांधी,डॉ निधि अग्रवाल ,डॉ अचिंत्य उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्रों ने फ्रेंच भाषा में संवाद, कविता पाठ, सांस्कृतिक नृत्य और गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

कार्यक्रम के विशेष आकर्षणों में फ्रांस की संस्कृति पर आधारित फ्रेंच फैशन शो, और फ्रेंच फूड स्टॉल शामिल थे। छात्रों ने फ्रांसीसी परिधानों में रैंप वॉक कर वातावरण को जीवंत बना दिया। फूड स्टॉल में क्रोइसाँ, बगेट और मैकारों जैसे स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया गया। नेहा सहगल ने अपने संबोधन में फ्रेंच भाषा की वैश्विक महत्ता और उसके करियर में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक दुनिया में बहुभाषी होना एक अनमोल संपत्ति है।

# कस्बा पतला के कांवड़ शिविर का रालोद नेताओं ने किया उद्घाटन

- चेयरमैन रीता चौधरी ने हवन कर की शुरुआत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** निकटवर्ती कस्बा/ग्राम पतला के द्वारा गंगनहर के रास्ते पर लगाये जाने वाले कांवड़ सेवा शिविर का सोमवार को विधिवत हवन पूजन के साथ उद्घाटन किया गया। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

नगर पंचायत पतला की अध्यक्ष रीता चौधरी ने सर्वप्रथम अपने पति समाजसेवी देवेंद्र चौधरी के साथ विधिवत हवन पूजन किया तत्पश्चात चेयरमैन रीता चौधरी व उनके साथ रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह, वरिष्ठ नेता तेजपाल डींग, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र सिंह, देवेंद्र चौधरी आदि ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया।

देवेंद्र चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष यह शिविर गंगनहर पर कांवड़ियों की सेवा हेतु लगाया जाता है शिविर सभी नगर पंचायत पतला वासियों के सहयोग से ही लगता है।

# अंकुर सक्सेना बने सीसीआई के जिला महासचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भारतीय उपभोक्ता परिसंघ (CCI) के प्रदेश सचिव अमित शर्मा ने मोदीनगर निवासी युवा उधमी अंकुर सक्सेना को गाजियाबाद के जिला महासचिव नियुक्त किया है। अमित शर्मा ने बताया कि भारतीय उपभोक्ता परिसंघ उपभोक्ताओं के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में उपभोक्ता कल्याण परिषद समिति को और अधिक सक्रिय और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है।



उन्होंने बताया कि अंकुर सक्सेना को 'भारतीय उपभोक्ता परिसंघ (CCI)' का सदस्य एवं 'उपभोक्ता कल्याण परिषद समिति' का जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। अमित शर्मा स्वयं वर्षों से उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करते आ रहे हैं और इन्होंने अनेक सामाजिक कार्य किए हैं। वे हमेशा उपभोक्ताओं के अधिकारों को दिलाने और उन्हें न्याय दिलाने के लिए संघर्षरत रहे हैं।

अंकुर सक्सेना भी सामा. जिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और उपभोक्ता जागरूकता अभियान में उनकी विशेष रुचि रही है। संगठन को विश्वास है कि अंकुर सक्सेना अपने जिले में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने और उनके अधिकारों की रक्षा में अहम योगदान देंगे।

# सरकारी स्कूलों में किचन गार्डन बनाने का अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुख्यविकास अधिकारी अभिनव गोपाल विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव जिला उद्यान अधिकारी निधि सिंह, साहयक शिक्षा अधिकारी कविता चौहान एवं होर्टी कल्चर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी की चेयर पर्सन रमा त्यागी ने उन 10 स्कूलो के प्रचार्यो को सम्मानित किया जिन्होने अपने यहाँ बेहतरीन किचन गार्डन विकसित किए है। पिछले करीब दो वर्ष से होर्टी कल्चर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी ने गाजियाबाद के करीब 100 सरक. ारी स्कूलो मे जाकर किचन गार्डन बनाने का प्रशिक्षण दिया, खाली पड़ी जमीन को खाद पानी डलवाकर तैयार करवाया , बीज दिये। जिन बच्चों ने बीज बोये थे





वो अब उनसे उगी हुई सब्जी को खाकर प्रफूल्लित है। अगर सब्जी की मात्रा कम भी है तो भी वो दाल मे मिलाकर दोपहर के खाने मे परोसी जा सकती है। होर्टी कल्चर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी की अध्यक्षा रश्मि अग्रवाल, अर्चना प्रमोद, बबीता अग्रवाल ने बताया की हमने 100 सरकारी स्कूलो का चयन किया था और सभी मे बीज वितरण किए थे और प्रशिक्षण दिया था। सिहानी 3 प्राइमरी स्कूल की प्रचार्या प्रीति सक्सेना ने सम्मान स्वीकार करते हुये कहा की हम होर्टी कल्चर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी के आभारी है जिन्होने हमे एक नई दिशा दी है। होर्टी कल्चर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी की चेयर पर्सन रमा त्यागी ने कहा की स्कूलो मे किचन गार्डन विकसित करना एक आंदोलन है जो हमारे बच्चों को स्वास्थ भी देगा , पोषण भी देगा और प्रकृति के प्रति समझ भी देगा। उन्होने कहा की हमारा उदेश्य केवल बागवानी नहीं है बल्कि '' कुपोषण मुक्त विधालय, स्वस्थ और सशक्त बालक '' भी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने सभी प्रचार्यो को प्रशस्ति पत्र और पौधा देकर सम्मानित करते हुये कहा की स्कूलो के बगीचो से उगाई गई ताजी और जैविक सब्जियाँ बच्चों के दोपहर के भोजन को और अधिक पोषण युक्त बना रही है। बहुत शीघ्र गाजियाबाद के प्रत्येक सरकारी स्कूल मे अपने स्तर पर सब्जियाँ उपलब्ध होने लगेगी। इसके लिए मे अपनी तरफ से और अपने तमाम अधिकारियों और कर्मचारियो की तरफ से होर्टी कल्चर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी सोसाइटी को धन्यवाद भी देता हूँ और बधाई भी देता हूँ।

# हिंदू युवा वाहिनी का अभियान: दूधेश्वर नाथ मंदिर के आसपास 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं' के पोस्टर लगाए

**गाजियाबाद।** सावन मास के पहले सोमवार के पावन अवसर पर गाजियाबाद के प्रसिद्ध दूधेश्वर नाथ मंदिर के आसपास हिंदू युवा वाहिनी ने एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत, संगठन के कार्यकर्ताओं ने मंदिर के आसपास स्थित खाने-पीने की दुकानों पर "गर्व से कहो हम हिंदू हैं" के पोस्टर लगाए। यह अभियान कावड़ यात्रा के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं में कथित तौर पर अशुद्धता फैलाने की घटनाओं के विरोध में शुरू किया गया है।

हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष आयुष त्यागी ने बताया कि यह अभियान कावड़ मार्ग पर कावड़ियों के साथ हो रही कथित धार्मिक अपवित्रता को रोकने के लिए शुरू किया गया है। उनके अनुसार, कुछ विशेष समुदाय के लोग खाने-पीने की वस्तुओं में थूक, पेशाब आदि मिलाकर कावड़ियों का धर्म भ्रष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने और हिंदू धर्म की शुद्धता और सम्मान को बनाए रखने के लिए हिंदू युवा वाहिनी ने यह कदम उठाया है।

हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने दूधेश्वर नाथ मंदिर के आसपास और दिल्ली-हरिद्वार कावड़ मार्ग पर स्थित ढाबों, रेस्तरां और जूस कॉर्नर जैसी दुकानों पर पोस्टर लगाए। इन पोस्टरों पर "गर्व से कहो हम हिंदू हैं" का नारा लिखा गया है, साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर भी छपी है। इसके अलावा, कुछ दुकानों पर हिंदू धर्म से जुड़े झंडे भी लगाए गए हैं ताकि दुकानों की धार्मिक पहचान स्पष्ट हो सके।

# एसआरएम मोदीनगर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 7वां इंडक्शन प्रोग्राम धूमधाम से संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद के फार्मेसी विभाग द्वारा आयोजित सातवां इंडक्शन प्रोग्राम 2025 का भव्य शुभारंभ 14 जुलाई को हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवागन्तुक बी.फार्म छात्रों का स्वागत करना और उन्हें संस्थान की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 10:30 बजे दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात डॉ. जयेंद्र कुमार, प्राचार्य, फार्मेसी विभाग द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। विशिष्ट संबोधन डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा द्वारा दिया गया।

एसआरएम ग्रुप के निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन ने अपने प्रेरणादायक नेतृत्व संदेश में छात्रों को उच्च गुणवत्ता की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वी. एम. भारती, डिप्टी ड्रग कंट्रोलर, सीडीएससीओ, नई दिल्ली, ने ष्सीडीएससीओ और आप: एक साझेदारी सार्वजनिक सुरक्षा एवं अनुपालन हेतुष विषय पर अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि नेहा मेहता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्लस फॉर्मुलेशन प्राइवेट लिमिटेड (करनाल, हरियाणा) ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए अपने अनुभव साझा



किए और उद्योग जगत से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। शैक्षणिक सत्र की शुरुआत डॉ. धोम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) के व्याख्यान से हुई, जिन्होंने छात्रों को करियर विकास और प्लेसमेंट के अवसरों से अवगत कराया।

इसके बाद 'नो योर मेंटर्स' सत्र और विभागीय भ्रमण (लैब, पुस्तकालय, एनिमल हाउस) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुचारु रूप से किया गया और अंत में डॉ. आलोक प्रताप सिंह, विभागाध्यक्ष, फार्मेसी विभाग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओ का महत्तपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## अदालती सूचना

**प्रारूप संख्या-1 क**
**( सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10 )**
**न्यायालय सिविल जज ( सी0डि0 ) गाजियाबाद**
**मूल वाद सं0- 843 सन् -2022**
**( कम्प्यूटर नं0-867 / 2022 )**

श्रीमति रजनी भारद्वाज पुत्री स्व. श्री फकीरचन्द शर्मा उम्र लगभग 54 वर्ष, पत्नी श्री अजयकान्त भारद्वाज, निवासनी मकान नं 2ए-279, नेहरूनगर गाजियाबाद, तहसील व जिला गाजियाबाद। वादी

**बनाम**

1. शशि शर्मा पुत्री स्व. श्री फकीरचन्द शर्मा पत्नी श्री सुभाष शर्मा, निवासनी-म. न. 79, आर्यनगर (निकट शिशु लोक स्कूल) सुरज. कुण्ड रोड मेरठ, जनपद मेरठ।

...प्रतिवादीगण।

श्रीमति रजनी भारद्वाज पुत्री स्व. श्री फकीरचन्द शर्मा ने शशि शर्मा पुत्री स्व. श्री फकीरचन्द शर्मा आदि, आपके विरुद्ध उक्त वाद संस्थित किया है, घोषणा की डिक्री के लिए आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 30.08.2025 को दिन में 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है जिसमे असफल रहने पर वाद/ आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। आज यह तारीख 30.05.2025 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**तरूण कुमार**
**( मुंसरिम )**
**सिविल जज ( सी0डि0 ) गाजियाबाद।**

# वॉर्ड-64 ब्राह्मण चौक में ट्रांसफार्मर बना जानलेवा खतरा

**गाजियाबाद।** गरिमा गार्डन के वॉर्ड नंबर 64 के ब्राह्मण चौक में बीच रास्ते पर रखा गया खुला ट्रांसफार्मर अब जानलेवा खतरे में बदलता जा रहा है। हर बार बरसात होते ही ट्रांसफार्मर के आसपास पानी भर जाता है, जिससे करंट फैलने का खतरा बना रहता हैं। यह वही रास्ता है जहां से हजारों की संख्या में स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और स्थानीय नागरिक रोजाना आते-जाते हैं। लेकिन बीच सड़क पर मौजूद ट्रांसफार्मर न सिर्फ एक रुकावट है, बल्कि यह क्षेत्रीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के विकास के दावों की असलियत भी उजागर करता है। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर निगम और बिजली विभाग से शिकायत की, लेकिन अब तक न तो ट्रांसफार्मर हटाया गया न ही कोई स्थायी समाधान किया गया।

# राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा के पावन अवसर पर भव्य सेवा शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप के कर-कमलों द्वारा रिबन काटकर व भगवान शिव परिवार की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। राज्यमंत्री कश्यप ने शिविर में मौजूद आयोजक व गणों से कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभी से यात्रा में श्रद्धालुओं की सेवा को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, जिसमें लाखों श्रद्धालु गंगा जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने निकलते हैं। ऐसे में सेवा



कार्य सबसे बड़ा धर्म है।

इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने शिविर के आयोजकगणों को शुभकामनाएं दीं और कावड़ियों की सेवा को सर्वोपरि बताया। शिविर का आयोजन प्रमुख रूप से प्रदीप मिश्रा ( पत्रकार ) व दैनिक सरो. कार के प्रबंध संपादक निशांत शर्मा द्वारा किया गया, जबकि सह-आयोजन में समाजसेवी रिंकू सिंह राठौड़, राजेश सिंह, महेश पाल, सोनू कश्यप, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल नोएडा का विशेष सहयोग रहा। आपको बता दें कि यह शिविर 12 से 24 जुलाई तक कावड़ियों की सेवा में रहेगा । इस दौरान शि. विर में 24 घंटे भोजन वितरण, ठहरने के लिए उचित सुविधा, शुद्ध पेयजल, चिकित्सक एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। यह शिविर सावन के पवित्र महीने में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिससे हजारों शिव भक्तों को राहत मिलती है।

इस दौरान विशेष उपस्थिति में भाजपा के वरिष्ठ नेता उमानंदन कौशिक, इंडियन बिजनेस एम्पावरिंग काउंसिल के चेयरमैन राजेश कुमार केपी, BDC के चेयरमैन रोहताश भाटी, दिल्ली यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, एक्सेसिबल टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (आईटी कंपनी) के सीईओ आशीष शर्मा, एम्बेसी इन होटल चेन के एमडी शुभम आचार्य, एम्बेसी इन होटल चेन के चेयरमैन भव्य वैद, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) गौतमबुद्ध नगर के जिलाध्यक्ष अशोक भाटी, गाजियाबाद से वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा, भाजपा निकाय प्रकोष्ठ से क्रॉसिंग मंडल के संयोजक कपिल शर्मा, स्टार प्लाईवुड के सीईओ मोनी बसाक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, श्रद्धालु और स्वयंसेवक मौजूद रहे। शिविर का उद्देश्य न केवल कांवड़ियों की सेवा करना है, बल्कि सामाजिक समरसता और धर्मिक भावना को भी प्रोत्साहित करना है। आयोजकों ने बताया कि सेवा शिविर सावन भर जारी रहेगा और श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा दी जाती रहेगी।

# टूरिज्म एंड हेरिटेज फेलोशिप प्रोग्राम से दिल्ली का इतिहास निखारेंगे युवा: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी है कि राजधानी दिल्ली की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के प्रचार-प्रसार और संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार 'टूरिज्म एंड हेरिटेज फेलोशिप प्रोग्राम' शुरू कर रही है। इस प्रोग्राम के तहत ४० युवाओं को फेलोशिप के लिए चुना जाएगा और उन्हें हर माह ५० हजार रुपये भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार की यह पहल आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप है, जो देश की आंतरिक क्षमताओं और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को बढ़ावा देती है और बाहरी सलाहकारों पर निर्भरता कम करती है। यह फेलोशिप उन युवाओं के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगी जो सरकारी परियोजनाओं से सीधे जुड़कर दिल्ली को एक जीवंत, समावेशी और विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने में योगदान देना चाहते हैं।इस आशय की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह प्रोग्राम दिल्ली पर्यटन व परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी)) द्वारा चलाया जाएगा।

इसका उद्देश्य युवाओं, शोधकर्ताओं और पर्यटन क्षेत्र में रुचि रखने वाले पेशेवरों को दिल्ली की समृद्ध विरासत से जोड़ना और पर्यटन के क्षेत्र में संस्थागत क्षमता को मजबूत करना है। प्रोग्राम की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रत्येक वर्ष ४० युवाओं को इस फेलोशिप के लिए चुना जाएगा। ये युवा विरासत भ्रमण , मार्गदर्शित पर्यटन यात्राएं ,डिजिटल व प्रचार सामग्री निर्माण, पर्यटन प्रचार, कार्यक्रम प्रबंधन, दिल्ली हाट, गार्डन ऑफ फाइव सेंसिस, पर्यटन सूचना केंद्रों का संचालन, फिल्म शूटिंग समन्वय तथा डप्ब्म्(बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां, जैसी गतिविधियों में योगदान देंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार विशेष बात यह है कि चयनित युवाओं को प्रति माह ५०,००० रुपये का वजीफा (ैजपचमदज) दिया जाएगा और एक वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र भी मिलेगा। इस प्रोग्राम में हिस्सा लेने वाले युवा आवेदक की उम्र ३५ वर्ष से कम होनी चाहिए। इसके अलावा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक डिग्री या समकक्ष होगी। वैसे पर्यटन में डिग्री/स्नातकोत्तर को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदक को पर्यटन या संबंधित क्षेत्र में कम से कम एक वर्ष का औपचारिक अनुभव होना चाहिए।

## सावन के पहले सोमवार सुबह से हो रही रिमझिम बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सावन के पहले सोमवार सुबह से रह रह कर रिमझिम बारिश होती रही। जहां बारिश से लगातार गर्मी से राहत मिली तो वहीं कई जगहों पर जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा । सुबह के समय बारिश होने से लोगों को ऑफिस व बच्चों को स्कूल पहुंचने में भी दिक्कत हुई । क्योंकि, सड़कों पर जलभराव होने से सड़कों पर जाम लग गया और वाहन रेंगते हुए नजर आए । मौसम के इस बदलाव से उमस थोड़ी कम हुई तो तापमान में भी गिरावट बरकरार रही। मौसम विभाग ने अपने नए पूर्वानुमान में कहा है कि दक्षिण-पूर्व से आ रहे बादलों के समूह के कारण दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। मंगलवार के लिए मौसम विभाग ने पूरे शहर में बादल छाए रहने और मध्यम वर्षा का अनुमान लगाया है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 3 और 25 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की उम्मीद है।

# छह दिन से गायब छात्रा का शव यमुना से बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** छह दिन से गायब त्रिपुरा की रहने वाली छात्रा लाश यमुना नदी से बरामद हो गई। मृतका की शिनाख्त स्नेहा देबनाथ (१९) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसका शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्नेहा ने सिग्नेचर ब्रिज से यमुना में कूदकर जान दी।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। छात्रा के गायब होने के बाद से लगातार पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। रविवार को त्रिपुरा के सीएम ने सोशल मीडिया पर लिखकर दिल्ली पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की थी। स्नेहा का शव मिलने के बाद पुलिस ने उसके परिजनों को खबर दे दी है। पुलिस स्नेहा के दोस्तों से पूछताछ कर पड़ताल में जुटी है। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि ७ जुलाई को स्नेहा देबनाथ के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी महरौली थाने में दर्ज कराई थी। स्नेहा डीयू के आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज की छात्रा थी। सात जुलाई को उसने आखिरी बार अपने परिवार से संपर्क किया। इसके बाद वह दोस्त से मिलने की बात कर निकली थी।

इसके बाद उसका फोन बंद मिला। परि. जनों ने पुलिस को एक नोट दिया। इस नोट में स्नेहा ने सिग्नेचर ब्रिज से कूदने की बात लिखी थी। शिकायत मिलने के बाद फौरन पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि स्नेहा पर्यावरण कॉम्प्लेक्स से कैब लेकर सिग्नेचर ब्रिज पहुंची थी।पुलिस ने कैब चालक की तलाश की। उसका पता लगाकर पूछताछ में उसने बताया कि उसने उसे सिग्नेचर ब्रिज पर छोड़ा था। उसके मोबाइल की आखिरी लोकेशन भी वहीं की मिली।

# दिल्ली में पटाखों पर लगा पूरे साल के लिए बैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में पटाखों पर साल भर के लिए प्रतिबंध लागू होने के बाद, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने रविवार को नागरिकों से किसी भी उल्लंघन की सूचना देकर इस नियम को लागू करने में मदद करने की अपील की।

एक सार्वजनिक सूचना में, डीपीसीसी ने निवासियों को याद दिलाया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों का निर्माण, भंडारण, बिक्री, आनलाइन डिलीवरी सहित और उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। यह पूर्ण प्रतिबंध सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद लागू किया गया था और दिल्ली सरकार द्वारा १९ दिसंबर, २०२४ को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के तहत औपचारिक रूप से अधिसूचित किया गया था। डीपीसीसी ने लोगों से आग्रह किया है कि वे नियम तोड़ने की किसी भी घटना की सूचना, चाहे वह किसी व्यक्ति, दुकान या संस्थान द्वारा दी जाए, आधिकारिक शिकायत माध्यमों, जैसे ग्रीन दिल्ली मोबाइल ऐप, ऑनलाइन ध्वनि प्रदूषण पोर्टल (दहउे.कमसीप.हवअ.पद), हेल्पलाइन नंबर १५५२७१, या म्ैे-११२ के माध्यम से दें। इस साल एक जनवरी से लागू हुआ यह स्थायी प्रतिबंध, पिछले मौसमी प्रतिबंधों से एक बदलाव का प्रतीक है, जो अक्सर त्योहारों के समय तक ही सीमित रहते थे।

सुप्रीम कोर्ट ने ४ नवंबर, २०२४ के अपने आदेश में दिल्ली सरकार से अस्थायी प्रतिबंधों के बजाय अधिक व्यापक प्रतिबंध पर विचार करने को कहा था, जिसके परिणामस्वरूप यह वर्तमान निर्णय लिया गया।




**दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता राजधानी दिल्ली की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के प्रचार-प्रसार और संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार 'टूरिज्म एंड हेरिटेज फेलोशिप प्रोग्राम' की घोषणा के अवसर पर।**

# दो दोस्तों ने एक-दूसरे पर चाकू से किए वार, दोनों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। एक पार्क में दो दोस्तों की हत्या हुई है। वारदात की सूचना पर ख्याला थाना और तिलक नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर थाना इलाके में दोहरे हत्याकांड सामने आया है। जांच में सामने आया है कि एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर चाकू से हमला किया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। डीसीपी पश्चिम ने बताया कि मृतकों की पहचान संदीप और आरिफ के रूप में हुई है। दोनों ख्याला बी ब्लॉक के निवासी थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल भेज दिया गया है।

दोनों दोस्त एक ही गली में अपने परिवारों के साथ रहते थे। बताया जा रहा है कि दोनों गहरे दोस्त थे। दोनों ही शादीशुदा थे और दोनों के बच्चे भी हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि संदीप प्रॉपर्टी डीलर था। वो जिम ट्रेनर भी रहा था। फिलहाल, स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ था।

# विस अध्यक्ष से मिला मेघालय विस लेखा समिति प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पीएसी और सीएजी सरकार के लिए एक अलार्म की तरह काम करती हैं, जिनका उद्देश्य सरकार को कार्रवाई के लिए प्रेरित करना और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, यह बात दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मेघालय विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्यों से मुलाकात के दौरान विधान सभा परिसर में कही। यह प्रतिनिधिमंडल १२ से १४ जुलाई तक हैदराबाद, विशाखापत्तनम और दिल्ली के अध्ययन दौरे पर है।अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अंतर-विधायी संवाद और ज्ञान साझाकरण के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल में चार्ल्स पायंगरॉप (विधायक, लोक लेखा समिति के अध्यक्ष एवं मेघालय विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष) लाहकमें रिंबुई , गेविन मिगुएल मायलियेम ,रूपर्ट मो. मिन , रूपा एम. मारक सेंगचिम एन. संगमा ,जिमी डी. संगमा इयान बोथम के. संगमा एवं बालाजिएद कूपर सिनरेम शामिल थे,जिनका उद्देश्य अन्य राज्य विधानमंडलों के साथ विचारों और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करना था।

## मुकदमे में लापरवाही करने के लिए पुलिस को फटकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस की कार्यशैली पर कड़ा रुख अपनाते हुए जांच में लापरवाही और अदालत में अपूर्ण तैयारी के लिए फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया की पीठ ने जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान जांच अधिकारी, थाना प्रभारी के अदालत मौजूद नहीं होने पर पुलिस के रवैये पर नाराजगी जताई। जांच फाइल के बिना उप-निरीक्षक के पेश होने और अतिरिक्त अभियोजक की ओर से फाइल की अनुपस्थिति की जानकारी देने पर कोर्ट ने आश्चर्य जताया।

# चोरी के 53 मोबाइल फोन के साथ नाबालिग सहित दो को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बंद घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले नाबालिग सहित दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच की टीम ने पकड़ा है। इनके कब्जे से चोरी के ५३ महंगे मोबाइल फोन और घर के ताले तोड़ने के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जहांग. ीरपुरी के आफताब उर्फ सुखा और नाबालिग के रूप में हुई है। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी से दिनदहाड़े चोरी और मोबाइल चोरी के छह मामले सुलझाने का दावा किया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर गिरोह में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है।

उपायुक्त हर्ष इंदौरा के मुताबिक, एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय शर्मा और इंस्पेक्टर अजय गहलावत के नेतृत्व में गठित टीम चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों की तलाश में जुटी थी। जांच में पता चला कि आरोपी अकसर बंद घरों को निशाना बनाते थे।

टीम ने जहांगीर पुरी और आसपास के इलाकों में अपने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को सक्रिय किया। जांच में पता चला कि पांच छह युवाओं के एक उभरते हुए समूह पर निगरानी बढ़ाई गई। कोई लंबा आपराधिक रिकॉर्ड न होने के बावजूद, वे दक्षिण दिल्ली और आसपास के इलाकों में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। बताया गया कि यह गिरोह पुलिस के संदेह से बचने के लिए कम जाने-पहचाने चेहरों का इस्तेमाल करता था और हर चोरी के बाद अपना ठिकाना बदलता था। गुप्त सूचना पर टीम ने जापानी पार्क के पास, सेक्टर १०/११ रोहिणी इलाके से गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

## आरटीआई में सूचना ना देना अपराध: राजेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत शुल्क बसूल कर अधिकतर लोकसूचन अधिकारी अपने पद की ताकत का दुरुपयोग करते हुऐ आवेदक को मांगी गई सूचनाएं समय पर उपलब्ध नहीं कराते हैं जिससे संबंधित आवेदक को प्रथम अपील और द्वितीय अपील दायर कर लगभग दो तीन वर्षों में चाही गई सूचनाएं मिल बड़ी मुश्किल से मिल पाती हैं। जिसका की कोई उपयोग इतने दिनों बाद नहीं हो पता उपरोक्त बातें आज हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेंद्र सिंह तोमर राजा भईया ने पत्रकारों से सांझा करते हुऐ कही वह एक दिवसीय दौरे पर आज जिला सवाई माधोपुर राजस्थान थे, राजा भईया ने जनता को जागरूक करते हुऐ बताया कि शुल्क वसूल कर निर्धारित समय अवधि में आवेदक को चाही गई सूचनाएं ना देना या उसे इस बारे में सूचित ना करना उसके साथ धोखा धडी करने ,विश्वास घात करने और संबंधित लोकसूचना अधिकारी द्वारा अपने लोक सेवक होने के कर्तव्यों की पालना ना करने की श्रेणी में किए गए अपराध हैं।



**दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष बिजेंद्र गुप्ता से मेघालय विधानसभा की लोक लेखा समिति का प्रति. निधिमंडल मुलाकात करते हुए।**

# द रिवोल्यूशनरीज की पहली झलक पेश की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वर्तमान में निर्माणाधीन 'द रेवोल्यूशन. रीज'में एक शानदार कलाकारों की टीम है, जिसमें भुवन बाम, रोहित सराफ, प्रतिभा रांटा, गुरफतेह पीरजादा और जेसन शाह प्रमुख भूमिकाओं में हैं. स्ट्रीमिंग के लिए निर्मित, इस सीरीज का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है और इसका निर्माण मोनिषा आडवाणी एवं मधु भोजवानी द्वारा एम्मे एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है, यह सीरीज संजीव सान्याल द्वारा लिखित पुस्तक 'रिवोल्यूशनरीज: द अदर स्टोरी ऑफ हाउ इंडिया वॉन इट्स फ्रीडम' पर आधारित है 'द रेवोल्यूशनरीज' का प्रीमियर वर्ष 2026 में भारत सहित 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर किया जाएगा।

प्राइम डे के अवसर पर, ग्राहकों के लिए विशेष पेशकश के रूप में, भारत के सबसे पसंदीदा एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो ने आज अपनी आगामी पीरियड-ड्रामा सीरीज 'द रेवोल्यूशनरीज' की आधिकारिक पहली झलक जारी की है।

# आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में की सात लोकसभा उपाध्यक्षों की नियुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली : आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में अपनी संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने के लिए सात लोकसभा क्षेत्रों के लिए राज्य उपाध्यक्षों की नियुक्ति की है। यह निर्णय पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों को बढ़ाने और आगामी चुनावों की तैयारी के लिए लिया गया है।

आप ने प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के लिए एक उपाध्यक्ष नियुक्त किया है, ताकि स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय और जनता तक पहुंच को बेहतर किया जा सके। इन नियुक्तियों को दिल्ली में पार्टी की स्थिति को मजबूत करने और हाल के विधानसभा चुनावों में मिली हार के बाद संगठन को पुनर्जनन करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये नियुक्तियां संगठन को और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाएंगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, उपाध्यक्षों को स्थानीय मुद्दों पर ध्यान देने और कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह कदम दिल्ली में पार्टी की नई रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जनता के बीच विश्वास बहाल करना और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करना है।

विधायक कुलदीप कुमार को पूर्व का, जरनैल सिंह को पश्चिम का, संजीव झा को उत्तर-पूर्व का, पूर्व विधायक राजेश गुप्ता को उत्तर पश्चिम का, रितु राज झा को नई दिल्ली का, ब्रह्म सिंह तंवर को दक्षिणी दिल्ली का और जितेंद्र सिंह तोमर को चांदनी चौक का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसे लेकर आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आद. ेश जारी किया है।

# सत्या शर्मा ने श्मशान घाट में लगाया 'एक वृक्ष मां के नाम'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड मां के नाम' का अनुसरण करते हुए दिल्ली नगर निगम स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने श्रावण माह के पहले सोमवार को महादेव के सबसे शुद्ध और पवित्र स्थल निगम बोध घाट,जमना बाजार, दिल्ली में पौधारोपण किया।

घाट की व्यवस्था और भव्यता बनाए रखने वाली बडी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल सभा,लायंस क्लब, आध्या फाउंडेशन के सामूहिक तत्वावधान में करीब २००० पौधे रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है।निगम बोध घाट संचालन समिति के प्रमुख एवं बडी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल सभा के महामंत्री श्री सुमन कुमार गुप्ता (पूर्व निगम पार्षद)ने बताया,कि सभा के प्रधान संजय सिंघल के निर्देश पर इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने बड़ी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल सभा के निगम बोध घाट को एक रमणीय स्थल के रूप में विकसित करने की सराहना की। उन्होंने कहा,कि सभा ने संकल्प लिया है,कि इन सभी पौधो के रोपण को सदैव जीवित बनाए रखने के लिए सभा ने माली नियुक्त किए हैं। इस अवसर पर छवि गुप्ता,आयुष गर्ग,अनुज भार्गव,डा. संदीप कश्यप, मनीषा भार्गव, विशाल मिश्रा सहित सैकड़ों लोगों ने पौधारोपण किया।

# आरएमएल में लगेगी रोबोटिक सर्जरी मशीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आरएमएल अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी की मशीन लगेगी। अस्पताल प्रशासन ने रोबोटिक मशीन खरीदने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसलिए पांच से छह महीने में आरएमएल अस्पताल के यूरोलाजी विभाग के ऑपरेशन थियेटर (ओटी) में रोबोटिक मशीन लग जाएगी। इससे अगले वर्ष के शुरुआत में इस अस्पताल में भी मरीजों को रोबोटिक सर्जरी की अत्याधुनिक सुविधा मिलने लगेगी।

रोबोटिक सर्जरी के दौरान मरीज को बड़ा चीरा लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। इसके अलावा रोबोटिक सर्जरी में ३डी तकनीक इस्तेमाल होती है। इससे मरीज के अंग के जिस हिस्से की सर्जरी करनी होती है डॉक्टर को ज्यादा साफ दिखाई देता है। साथ ही सर्जरी के दौरान रोबोटिक आर्म शरीर के उस हिस्से के पास भी आसानी से पहुंच जहां डॉक्टर के लिए हाथ से सर्जरी करना आसान नहीं होता। इससे रोबोटिक मशीन से सर्जरी ज्यादा सटीक होती है। सर्जरी के दौरान रक्तस्राव कम होने से मरीज जल्दी ठीक हो जाते हैं।

इससे कम समय में मरीज को अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है। इससे अस्पतालों में सर्जरी अधिक हो सकती है। यही वजह है कि रोबोटिक सर्जरी की सुविधा बढ़ रही है। खास तौर पर बड़े निजी अस्पतालों में इस तकनीक का इस्तेमाल अधिक हो रहा है।

सरकारी क्षेत्र के अस्पतालों में अभी रोबोटिक सर्जरी की सुविधा अभी कम है। दिल्ली में अभी चार सरकारी अस्पतालों में रोबोटिक मशीनें उपलब्ध है। इसमें एम्स, सफदरजंग अस्पताल, राष्ट्रीय क्षय रोग और श्वसन रोग संस्थान और दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान शामिल है।

दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान में डॉक्टरों की कमी के कारण यह मशीन सर्जरी के लिए खास इस्तेमाल नहीं हो पा रही है। ऐसे में एम्स, सफदरजंग अस्पताल व राष्ट्रीय क्षय रोग और श्वसन रोग संस्थान में ही मरीजों को रोबोटिक सर्जरी की सुविधा ठीक से मिल पा रही है। इन तीनों अस्पतालों के अलावा आरएमएल राष्ट्रीय राजधानी में स्थित केंद्र सरकार का चौथा अस्पताल होगा जहां मरीजों को रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मिल सकेगी। आरएमएल अस्पताल के सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक में रोबोटिक मशीन लगेगी। इससे प्रोस्टेट कैंसर व यूरोलाजी से संबंधित अन्य बीमारियों की रोबोटिक सर्जरी होगी।

# तीन स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली । यह धमकी स्कूलों को मेल से भेजी गई है। इनमें से एक चाणक्यपुरी और दूसरा द्वारका और तीसरा प्रशांत विहार का है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि तलाशी के दौरान अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। जांच की जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह दिल्ली के तीन स्कूलों में बम की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कहा कि सुबह करीब ८ बजे पुलिस को प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर १६ स्थित सीआरपीएफ स्कूलों के साथ-साथ चाणक्यपुरी स्थित एक अन्य स्कूल से बम की धमकी के बारे में कॉल आई।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, मनीष कुमार पुत्र किशन पाल निवासी ए-2/369, नंद नगरी, दिल्ली-93 घोषणा करता हूँ कि मेरा वास्तविक नाम मनीष कुमार है किंतु मेरी बेटी सौम्या भारद्वाज के स्कूल रिकॉर्ड में यह त्रुटिपूर्वक मनीष लिखा गया है, मनीष कुमार और मनीष एक ही व्यक्ति यानी मेरा ही नाम है। इसलिए भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों के लिए मनीष कुमार के नाम से ही जानें।

# इन्वर्टर-बैटरी की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर स्थित रामलीला मैदान के सामने एक इन्वर्टर-बैटरी की दुकान में सोमवार की सुबह भीषण आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के दुकानदारों और निवासियों में भी दहशत फैल गई थी। हालाँकि, इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार यह घटना सोमवार सुबह करीब 6 बजे हुई, जब श्री बालाजी स्टील सेल्स नामक इन्वर्टर-बैटरी की दुकान से स्थानीय लोगों ने धुआँ निकलते देखा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही



दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुँचीं और लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस आगजनी में दुकान में रखे सभी इन्वर्टर, बैटरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह से जलकर राख हो गए। आग लगने से दुकान मालिक देवी दास को लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। पिलखुवा केंद्र प्रभारी सचिन बालियान ने बताया कि दुकान में बड़ी संख्या में इन्वर्टर बैटरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखे थे, जो आग की चपेट में आ गए।

हालांकि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। लेकिन प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है।

पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मामले की विस्तृत जांच कर रही हैं ताकि आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

# तमंचे के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है।

बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पलवाडा रोड़ आनन्द फार्म हाउस के पास चेकिंग की जा रही थी। तभी पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया और उसे थाने ले आई। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाश की पहचान निजाम पुत्र अजीज कुरैशी निवासी ग्राम अल्लाबक्शपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड के रूप मे हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया



गया बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल बदमाश को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज करने के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को धौलाना तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन कोतवाल को सौंपा जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और 9 अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमे तुरंत हटाने की मांग की गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने ज्ञापन में बताया कि गत 10 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में वाराणसी में पोल खोल पदयात्रा निकाली गई थी। इस यात्रा का उद्देश्य वाराणसी में जलभराव, खराब सीवर व्यवस्था, पीड़ित दुकानदारों की समस्याओं, रोपवे और जाम जैसी समस्याओं को लेकर



सरकार का ध्यान आकर्षित करना था। कांग्रेस का आरोप है कि प्रदेश सरकार के इशारे पर वाराणसी के सिगरा थाने में अजय राय व जिला एवं शहर अध्यक्ष सहित कुल 10 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने मांग की है कि सभी 10 कांग्रेस जनों पर दर्ज इन मुकदमों को तत्काल वापस लिया जाए। इस विरोध प्रदर्शन कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर पालिका में यूजर चार्ज लागू करने की तैयारी, सभासदों ने जताई आपत्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन यूजर चार्ज लागू करने को लेकर पालिकाध्यक्ष विभू बंसल के साथ सभासदों की मैराथन बैठक हुई। बैठक में अंशुल मित्तल, दीपक शुक्ल, वरुण शर्मा, इरफान, सत्तार, नफीस अहमद सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। सभासदों ने कहा कि कोई भी निर्णय बोर्ड की बैठक में सहमति से ही लिया जाए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि चार्ज लगाने के लिए 2017 में उपविधि बनी थी। इस पर सभासदों ने कहा कि निर्णय सदन में ही लिया जाएगा। पालिकाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि बोर्ड की अनुमति तक यूजर चार्ज की प्रक्रिया स्थगित रहेगी।

## एक नजर

### दूध कारोबारी पर जानलेवा हमला करने वाला नाबालिग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर में एक दूध कारोबारी पर जानलेवा हमले के मामले में फरार एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार गांव नूरपुर में दूध कारोबारी नितेश राव पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला हुआ था। इस मामले में नितेश राव ने चार आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस घटना में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को पुलिस ने एक नाबालिग आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया, जो इस मामले में फरार चल रहा था। थाना बाबूगढ़ प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए नाबालिग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### नाबालिग से मारपीट कर कुकर्म के मामले में दोषी को 20 साल की सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत आरोपियों को न्यूनतम समय में सजा दिलाए जाने के क्रम में हापुड़ पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए सोमवार को न्यायालय द्वारा नाबालिग से कुकर्म के मामले में एक आरोपी को दण्डित कराया गया है।

शासकीय अधिवक्ता हरेंद्र कुमार त्यागी ने बताया कि 26 जुलाई 2022 को आरोपी विष्णु पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम बक्सर थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ द्वारा नाबालिग लड़के के साथ मारपीट कर कुकर्म करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर मुकदमा दर्ज किया गया था तथा आरोप पत्र न्यायलय मे प्रेषित किया गया था। सोमवार को न्यायालय एडीजे पॉक्सो एक्ट प्रथम हापुड़ द्वारा साक्ष्यों और गवाहो के आधार पर दोषी मानते हुए 20 साल की सज़ा व 10 हज़ार रुपये के अर्थदण्ड की सज़ा सुनाई गई।

### ऑटो पार्ट्स की दुकान में चोरी की वारदात, लाखों का माल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र की ओम साई राम मोटर्स में रात के समय चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपये के ऑटो पार्ट्स उड़ा लिए। सुबह स्टाफ के आने पर वारदात का पता चला।

जनरल मैनेजर हेमन्त कुमार निवासी हर्ष विहार, दिल्ली ने बताया कि चोर 12 बैटरी, दो ईसीएम, एक अल्टरनेटर, व्हील रिम समेत कई महंगे पार्ट्स ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### 15 करोड़ रुपये की कर चोरी, संदीप एंटरप्राइजेज के खिलाफ जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मोदीनगर रोड की फर्म संदीप एंटरप्राइजेज ने झूठे पते पर पंजीकरण कर 15 करोड़ रुपये की कर चोरी की। राज्य कर विभाग की जांच में खुलासा हुआ कि फर्म ने अप्रैल-मई 2025 में 41 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बिक्री दिखाकर टैक्स समायोजन कर लिया। विभाग की शिकायत पर गाजियाबाद के हिंडन विहार निवासी फर्म मालिक संदीप तोमर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

राज्य कर अधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि पंजीकरण के लिए दिया गया किरायानामा पहले ही समाप्त हो चुका था और फर्म ने इसकी जानकारी विभाग को नहीं दी। दुकान मालिक अजय चौहान ने भी बताया कि संदीप ने कभी यहां व्यापार नहीं किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया, कर चोरी की गंभीर जांच चल रही है। फर्जी दस्तावेज और झूठी खरीद-बिक्री की पूरी सच्चाई जल्द सामने लाई जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### चेयरमैन ने वैदिक रीति रिवाज से किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** महावीर कालोनी के मैन रास्ते पर 30 लाख की लागत से बनने वाली इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड का शिलान्यास करते हुए पालिका चेयरमैन ने जनहित से जुड़े विकास कार्य पहली प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने का दावा किया।

गढ़ चौपला से स्याना चौराहे को जाने वाले रोड के किनारे स्थित महावीर कालोनी के मैन रास्ते पर पालिका परिषद द्वारा 30 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका सोमवार को चेयरमैन राकेश बजरंगी ने पालिका बोर्ड से जुड़े अधिकांश सभासदों की मौजूदगी में वैदिक रीति रिवाज से शिलान्यास किया। चेयरमैन ने कहा कि सभी वार्डों में जरूरत के अनुसार जनहित से जुड़े विकास कार्य पहली प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं। पेयजल व्यवस्था में लगातार सुधार कराते हुए साफ सफाई और पथप्रकाश सुविधा को भी चाक चौबंद कराया जा रहा है।

सभासद सुंदर यादव, रमन शर्मा और शाहनवाज कुरैशी ने इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण होने से सैकड़ों परिवारों की दिक्कत दूर होने का दावा किया। इस दौरान सभासद धर्मेंद्र कुमार, प्रवेश कुमार, लोकेश, कुसुम यादव, ओमबीरी, किरन देवी, पारुल, सविता कर्दम, उर्मिला देवी, सतीश सैनी, इकराम कुरैशी, कुंवरपाल, सीमा महताब, ममता सूद, मनीष सागर, उमेश गुप्ता समेत काफी संख्या में कालोनी वासी भी मौजूद रहे। **वही दूसरी और,** क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गांव निवासी दो युवकों पर नाबालिक बेटी का अपहरण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

# सिद्ध सबली महादेव मंदिर में श्रावण के प्रथम सोमवार का हुआ पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को श्रावण के प्रथम सोमवार को भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के विद्वानों ने हापुड़ के सिद्ध सबली महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से पूजन और अभिषेक किया। पूजा का मुख्य संकल्प जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय पर भगवान भोलेनाथ की कृपा दृष्टि बनाए रखना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निकट भविष्य में भारत के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने की कामना करना था।

आचार्य पंडित अमर प्रकाश और पंडित जगदम्बा शर्मा के आचार्यत्व में, महासभा अध्यक्ष पंडित केसी पाण्डेय और अनिशा सोनी पाण्डेय ने मुख्य यजमान के रूप में पूजन



कार्य संपन्न किया। उन्होंने जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय को संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ बताते हुए कहा कि अपने विशिष्ट गुणों और कार्यों से वे जनता के प्रिय हैं और भगवान भोलेनाथ अपनी करुणा दृष्टि उन पर बनाए रखेंगे। पंडित पाण्डेय ने लेखपाल प्रकरण को दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस पूजन में महासभा के विद्वान, मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रविशंकर शुक्ल, पंडित मुकेश शर्मा, आचार्य गौरव आदि सम्मिलित रहे।

# जदीद चौकी स्थित मंदिर में की शिव परिवार की भव्य मूर्ति स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ज़दीद चौकी स्थित एक प्राचीन मंदिर में धार्मिक उत्साह के साथ शिव परिवार की भव्य मूर्ति की स्थापना की गई। इस शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजन और हवन अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की प्रतिमाओं को विधि-विधान से स्थापित किया गया।

स्थानीय नागरिकों, धार्मिक नेताओं और मंदिर समिति के सहयोग से यह धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण



का भी आयोजन किया गया जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों ने एकजुट होकर धार्मिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का संदेश दिया। मूर्ति स्थापना के दौरान कई पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर स्थानीय लोगों में उमेश अग्रवाल, पंडित लोकेश कुमार, सोनू पंडित, नितिन कुमार, दीपक कुमार, अनुज सिंह, मोनिश खान, पंकज कुमार, और आनंद मेडिकल स्टोर वाले आदि उपस्थित रहे।

# सीएम के निर्देश के बाद भी नहीं सुधरी गढ़-मेरठ मार्ग की हालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सावन माह की कांवड़ यात्रा आरंभ हो चुकी है। क्षेत्र से भक्तों के जत्थे हरिद्वार और गोमुख, गंगोत्री के लिए रवाना हो रहे हैं। इसके अलावा दूर-दराज क्षेत्रों के शिवभक्त गंगानगरी ब्रजघाट में भी कांवड़ भरने के लिए पहुंचने लगे हैं। लेकिन,अभी तक भी शिवभक्तों के लिए व्यवस्थाएं दुरूस्त नहीं हो सकी हैं। जर्जर गढ़-मेरठ मार्ग शिवभक्तों की परीक्षा लेगा। इसके अलावा रोडवेज परिसर में भी व्यवस्थाएं दुरूस्त नहीं हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा से पहले ही यात्रा से जुड़े मार्गों की मरम्मत कराने के साथ ही सभी व्यवस्थाएं सभी दुरूस्त करने का निर्देश दिया था। क्षेत्र की गढ़-मेरठ रोड से लाखों शिवभक्त गुजरते हैं। लेकिन, यह मार्ग लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है। गढ़-मेरठ मार्ग की मरम्मत के लिए भाकियू संघर्ष समेत अन्य संगठनों ने भी आंदोलन किए, जिसके बाद एनएचएआई ने इस मार्ग की मरम्मत की खानापूर्ति की। इस समय भी भक्तों के जत्थे रवाना हो रहे हैं।

जिनके लिए व्यवस्थाओं के दावे किए जा रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम अंकित कुमार वर्मा का कहना है कि गढ़-मेरठ मार्ग की मरम्मत कराने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है। रोडवेज में भी व्यवस्थाएं दुरूस्त करने का निर्देश दिया है। शिवभक्तों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेट्रोल पम्प संचालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिंभावली थाना क्षेत्र के नवादा नहर के किनारे स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के संचालक चौधरी सुकेश सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सुकेश सिंह का शव उनके निजी आवास के कमरे में मिला और उनके सिर में गोली लगने का निशान था। प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का लग रहा है लेकिन पुलिस और फोरेंसिक टीम सभी पहलुओं से गहनता से जांच कर रही है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

पुलिस के अनुसार न्याजपुर खैय्या निवासी चौधरी सुकेश सिंह ने लगभग दो साल पहले नवादा नहर के किनारे इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप शुरू किया था। उन्होंने



पंप के पास ही अपना निजी आवास बनाया था, जहाँ वे अपने परिवार के साथ रहते थे। सोमवार सुबह करीब 5:30 बजे सुकेश सिंह पेट्रोल पंप के आसपास टहल रहे थे, जिसके बाद वे अपने कमरे में चले गए। थोड़ी देर बाद कमरे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जब परिजन कमरे में पहुँचे, तो उन्होंने शुकेश सिंह को खून से लथपथ पाया। उनकी लाइसेंसी रिवाल्वर भी उनके पास पड़ी थी। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एएसपी विनित भटनागर, सीओ वरुण मिश्रा, थानाध्यक्ष सुमित तोमर, और फोरेंसिक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुँची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। सुकेश सिंह की मौत के बाद परिवार में गहरा मातम छा गया है।थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि प्रथम दृस्टिया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है लेकिन पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। फोरेंसिक टीम घटनास्थल से सबूत इकट्ठा कर रही है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सुकेश सिंह ने आत्महत्या क्यों की, और क्या वे किसी मानसिक तनाव या अन्य परेशानी से जूझ रहे थे।

# विश्व ब्राह्मण संघ ने डीएम को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को विश्व ब्राह्मण संघ उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित चौम्बर संख्या 157-158 में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता, प्रशासनिक सहयोग और ब्राह्मण समाज के संगठनात्मक सशक्तिकरण पर चर्चा करना था।

बैठक में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा और कानूनी सलाहकार पंडित नरेशचन्द शर्मा एडवोकेट ने की। बैठक के बाद, विश्व ब्राह्मण संघ उत्तर प्रदेश के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को



फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान जिलाधिकारी के सहज व्यवहार और जनहितकारी दृष्टिकोण की भी प्रशंसा की गई, जिससे जनता में उनके प्रति विश्वास और मजबूत होता है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने जोर देकर कहा कि ब्राह्मण समाज सिर्फ धार्मिक या सांस्कृतिक गतिविधियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज सुधार, प्रशासनिक सहयोग और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्व ब्राह्मण संघ प्रशासन के सकारात्मक कार्यों में सहयोगी बनकर काम करता रहेगा।

# सड़क से वंचित अर्जुन नगर, विरोध में आप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 15 बिलोखर अर्जुन नगर में 15 वर्षों से सड़क न बनने से नाराज़ लोगों ने रविवार को विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पश्चिमी प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीएम चौहान शामिल हुए। सीएम चौहान ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो नगर पालिका के खिलाफ बड़ा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलोनी में बिजली के खंभे नहीं, जलभराव से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, हाउस टैक्स लिया जाता है लेकिन सफाई नहीं होती। नगर अध्यक्ष अरुण शर्मा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने नारेबाजी की और जल्द समाधान की मांग की। विरोध में फिरोज खान, इरशाद, शबनम, शमीम अहमद, सरफराज समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# बोल बम के जयकारों से गूंजे मंदिर

## सुबह से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, भोलेनाथ का किया जलाभिषेक, सुरक्षा व्यवस्था सख्त





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सावन के पहले सोमवार पर मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ रही। भक्त जल, दूध, दही , घी शहद से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मंदिर में बैरिकेड की गई है। भक्त लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।इसमें सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-20 हनुमान मंदिर और वोड़ा महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। उन्होंने बताया कि सुबह आरती के बाद भगवान का जलाभिषेक शुरू कर दिया गया। भक्तों को परेशानी न हो इसलिए मंदिर के बाहर ही प्रसाद से लेकर बेल पत्र और पूजन की अस्थाई दुकान लगी हैं।

वोड़ा महादेव मंदिर के महंत ने बताया कि सावन के पहले सोमवार शुभ मुहूर्त में रुद्राभिषेक किया गया। इसके लिए हरिद्वार, प्रयागराज और मथुरा के विद्वान पंडित रुद्राभिषेक कराते हैं। इसमें बड़ी संख्या में भक्त हिस्सा ले रहे है। इसके अलावा सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर भोलेनाथ जलाभिषेक किया। सर्फाबाद में प्रचीन शिव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर जयकारों से गूंजते दिखे। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर-2 लाल मंदिर, सेक्टर-20 हनुमान मंदिर , सेक्टर-12 कलरिया बाबा मंदिर, सेक्टर-49 पार्वती मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ रही। यहां भक्त जलाभिषेक किया। वहीं मंदिरों के बाहर पुलिस बल भी तैनात है। एडीसीपी सुमित शुक्ला की अगुवाई में कई टीम प्रत्येक मंदिर के बाहर और अंदर सुरक्षा का जायजा लिया। अधिकांश मंदिरों में सीसीटीवी कैमरों से मॉनिटरिंग की जा रही है। ताकि संदिग्धों पर नजर रखी जा सके।

# थार से लोगों को कुचलने की कोशिश, वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में बारिश के बीच व्यस्त सड़क पर अजीबा. गरीब तरीके से थार चलाकर लोगों की जान जोखिम में डालने का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है। यूजर ने वायरल वीडियो में नोएडा पुलिस के अधिकारियों को टैग कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वीडियो सेक्टर-125 स्थित एक यूनिवर्सिटी के आसपास का बताया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर 11 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि व्यस्त सड़क पर थार गाड़ी तेजी से गुजर रही है। चालक इसे बेत. रतीब तरीके से चला रहा है। बारिश होने के कारण लोग छाता लेकर सड़क पार कर रहे हैं।

कई युवतियां भी सड़क किनारे ऑटो का इंतजार कर रही हैं। ऐसे में लापरवाही से वाहन चलाने के कारण कई लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ सकती थी। काले रंग की थार का नंबर भी पीछे से नहीं दिख रहा है। सेक्टर-126 पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**यही पर पुलिस ने चलाया था अभियान:** यह पता लगाया जा रहा है कि वीडियो कहां का है और थार को कौन चला रहा था। दो दिन पहले ही यूनिवर्सिटी के आसपास पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर अभियान चलाया गया था। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर छह गाड़ियों का चालान हुआ था और दो गाड़ी सीज हुई थी। इसके बावजूद यहां पर स्टंटबाजी की घटनाएं नहीं थम रही है।

## जन्मदिन पार्टी में गई किशोरी लापता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर के साकीपुर गांव में रविवार को पड़ोसी के घर जन्मदिन पार्टी में गई एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी के पिता ने सूरजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिता ने शिकायत में बताया कि वह शनिवार की रात पड़ोसी के यहां उनके बच्चे की जन्मदिन पार्टी में गए थे। उनकी 14 वर्षीय बेटी भी साथ थी। पार्टी के दौरान रात 11 :00 बजे उनकी बेटी कहीं भी नहीं मिली। काफी तलाश के बाद पुलिस को शिकायत दी गई। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि किशोरी के गुम होने की शिकायत दर्ज की गई है।

# बाइक से झपटमारी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चोरी की बाइक से मोबाइल झपटमारी करने वाले दो बदमाशों को सेक्टर-58 थाना पुलिस ने सोमवार को दबोच लिया। दोनों मिलकर मोबाइल पर बात करते हुए राहगीरों को निशाना बनाते थे। मोबाइल झपटकर भाग जाते थे। पुलिस आरोपियों के अन्य साथियों को पहचानने में जुटी है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम सोमवार को सेक्टर-60 स्थित एक फैक्टरी के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह बचकर भागने लगे।

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। उन्होंने बताया कि दोनों की पहचान बदायूं के रघूपुर गांव निवासी राजू यादव और गोरखपुर के निवाय चपार गांव निवासी राजन कुमार के रूप में हुई। दोनों वर्तमान में गाजियाबाद के खोड़ा स्थित एक घर में किराए पर रहते हैं। पूछताछ में पता चला है कि दोनों शातिर किस्म के बदमाश हैं और लोगों से मोबाइल झपटमारी करते हैं। वारदात करने के दौरान चोरी की बाइक का प्रयोग करते हैं। ताकि सीसीटीवी में कैद होने पर भी पुलिस पहचान नहीं कर पाए। दोनों ने बरामद बाइक दिल्ली के आरकेपुरम से चोरी की गई थी, जबकि एक मोबाइल सेक्टर-59, दूसरा फोन काफी समय पहले दिल्ली कल्याणपुरी से चोरी किया था। चोरी के माल को राह चलते लोगों को सस्ते दामों पर खपाना बताया है। इससे प्राप्त होने वाली रकम को आपस में बांट लेते थे। इससे ही दोनों का खर्चा चलता है। राजू गिरोह का सरगना है। वह वर्ष 2022 से अपराध कर रहा है। उस पर लूट, चोरी, वाहन चोरी के छह मुकदमे दर्ज हैं, जबकि राजन पर चार मुकदमे हैं।

## एक नजर

### मोबाइल चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने सोमवार को एमिटी चौकी क्षेत्र से मोबाइल चोरी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन, वारदात में इस्तेमाल होने वाली बाइक, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद किए गए। आरोपी की पहचान नई दिल्ली के ओखला निवासी 23 वर्षीय रहमान के रूप में हुई। उसके खिलाफ सेक्टर-126 और सेक्टर-39 थाने में तीन मुकदमे आर्म्स ऐक्ट समेत अन्य धाराओं में दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चोरी की मोटरसाइकिल लेकर बस स्टैंडों, मेट्रो स्टेशनों और साप्ताहिक बाजारों समेत अन्य जगहों पर घूमता रहता है।
मौका पाते ही लोगों की जेब से मोबाइल निकाल लेता था। आरोपी राहगीरों को मजबूरी बताकर बेहद कम दाम में चोरी की मोबाइल बेच देता है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी के अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### देरी से पहुंचे छात्रों को परीक्षा से रोका

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नॉलेज पार्क स्थित एक निजी कॉलेज पर छात्रों ने परीक्षा में शामिल नहीं होने देने का आरोप लगाया है। छात्रों का आरोप है कि सुबह हुई बारिश व जाम के कारण उन्हें केंद्र पर आने में देर हो गई। थोड़ी देर होने के कारण उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया गया। इस संबंध में छात्रों ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रबंधन पर तमाम आरोप लगाए हैं। छात्रों का कहना है कि सेमेस्टर परीक्षा के लिए केसीसी कॉलेज के छात्रों का सेंटर जीएल बजाज कॉलेज आया है। एक छात्र का कहना है कि परीक्षा के लिए जाने के दौरान एक्सीडेंट हो गया था।
हाथ और पैर में चोट लगी, साथ ही बारिश भी हो रही थी। पांच मिनट देरी से पहुंचने पर कॉलेज के प्रवेश द्वार पर खड़े सुरक्षाकर्मियों से प्रवेश देने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने प्रवेश नहीं दिया। सुरक्षाकर्मियों द्वारा बदसलूकी करने का भी आरोप लगाया गया है। वहीं, कॉलेज प्रबंधन की ओर से कहा गया कि छात्रों के आरोप निराधार है। कॉलेज प्रबंधन ने विश्वविद्यालय के नियमों का पालन किया गया है। रिपोर्टिंग समय एक घंटे पहले का है। छात्रों की ओर से उसका पालन नहीं किया गया।

### मंडी श्यामनगर में जलभराव से राहत मिली

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत बिलासपुर के पास स्थित मंडी श्यामनगर के लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिल गई है। कच्चा नाला बना दिया गया है। इस रास्ते से बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना है। प्राधिकरण ने बारिश के पानी की निकासी के लिए मंडी श्यामनगर के पास सड़क के दोनों तरफ कच्चा नाला खुदवा दिया है, जिससे बारिश का पानी आसानी से निकल जाता है। दरअसल मंडी श्यामनगर के लोगों ने जलभराव की समस्या की शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी।

### कार की चपेट में आकर छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक दर्दनाक हादसा हुआ जब स्कूल जाते समय एक छात्र कार की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजन उसे निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह हुई जब गांव नूरपुर छिबरी निवासी शैफान पुत्र शहजाद ( 8 वर्ष) अपने भाई के साथ स्कूल जाने के लिए सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान हरेवली से धामपुर की ओर जा रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवार दो महिलाएं भी घायल हो गईं, जिनमें से एक को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया है और छात्र के पिता की तहरीर पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। छात्र की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा गया।

# दहेज हत्या में पुलिस पर गंभीर आरोप

**■ ग्रेटर नोएडा में महिला की मौत, परिजनों का दावा- 4 आरोपियों का हो रहा बचाव**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दहेज हत्या का एक मामला सामने आया है। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव में 8 जुलाई को एक महिला की मौत हो गई। मृतका के भाई भोलू ने बताया कि उनकी बहन पूजा की ससुरालवालों ने दहेज में प्लॉट और फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग की थी। पूजा के परिजनों का आरोप है कि ससुरालवालों ने उसका गला दबाकर हत्या कर दी। इस मामले में पीड़ित परिवार ने पति विनय समेत 6 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने अब तक पति विनय और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मृतका के परिजनों का कहना है कि पुलिस बाकी 4 आरोपियों को बचाने की को. शिश कर रही है। इस मामले में पीड़ित परिवार ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। वहीं, पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है।

## चोरी के मामले में दो दोषियों को सजा

**नोएडा।** जिला न्यायालय ने सोमवार को चोरी के एक मामले में पकड़े गए दो लोगों को डेढ़-डेढ़ साल कारावास की सजा सुनाई। दो हजार रुपये के अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड जमा न करने पर चार दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वर्ष 2023 में सूरजपुर कोतवाली में अशोक उर्फ मनीष निवासी बेगम गंज, हरदोई और संजीव उर्फ सन्नी निवासी तिठोली, हाथरस के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल कर दिया गया। सोमवार को अदालत ने केस की सुनवाई के दौरान दोनों को दोषी ठहराया गया।

# दो प्रदेशों के मॉडल पर होगी पुनर्विकास नीति

## 30 साल पुरानी इमारतों को फायदा, मप्र- छत्तीसगढ़ की नीति का किया अध्ययन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में जर्जर हो चुकी हाइराइज और लो राइज इमारतों को फिर से भव्य रूप दिया जाएगा। नोएडा में 30 साल पुरानी इमारतों में रहने वाले नोएडा के लोगों को इसका फायदा होगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने पुनर्विकास नीति लागू की है। इस नीति को नोएडा की बोर्ड ने अप्रूवल दे दिया है। अब प्राधिकरण का प्लानिंग सेक्शन इस पर काम कर रहा है। इसे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में लागू पुनर्विकास नीति के तहत बनाया जाएगा। जिसका एक प्रजेंटेशन कल बोर्ड रूम में हो सकता है।

वहां से देखा जाएगा और संशोधन के बाद इसे लागू किया जाएगा। मध्यप्रदेश में पुनर्विकास नीति के तहत शहरी क्षेत्र में जर्जर इमारतों का पुनर्विकास पीपीपी मॉडल पर या सार्वजनिक प्राधिकरण या निजी डेवलपर द्वारा कराया जाता है। इस नीति में साफ है कि अवैध निर्माण और किराए पर रह रहे आवंटियों के लिए लागू नहीं होगा। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और नोएडा प्राधिकरण के पुनर्विकास नीति का मॉडल मिलते जुलते हैं। ऐसे में प्रजेंटेशन के बाद तय हो जाएगा कि इसमें और क्या संशोधन या लोगों को राहत दी जा सकती है। प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा की स्थापना उप्र औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 की धारा-3 के तहत किया गया। यहां बहुमंजिला इमारतों का निर्माण साल 1981 से शुरू हुआ। यहां लीज पर बिल्डरों को जमीन आवंटित की गई। यहां अपार्टमेंट बने जिसे सबलीज के जरिए बायर्स को दिया गया। इसके अलावा प्राधिकरण ने भी कम आय वर्ग के लिए लो राइज ग्रुप हाउसिंग बनाए। जिसे भी लीज पर पात्र लोगों को बेचा गया। ऐसे जर्जर हो रहे भवन अत्यधिक बारिश और लो इंटेसेंटी के भूकंप से प्रभावित हो सकते है।

इन्ही इमारतों को गिराकर लिविंग स्टैंडर्ड में सुधार कर दोबा. रा से भव्य रूप में बनाया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण रि डेवलपमेंट पॉलिसी लेकर आया है। इससे नोएडा में 100 ग्रुप हाउ. सिंग और 500 लो राइज सोसायटियों का उद्धार होगा। इनमें रहने वाले लोगों को काफी लाभ हो सकता है।

# सूरजपुर- कासना मार्ग की मरम्मत का काम जल्द होगा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सूरजपुर से कासना तक जगह- जगह पर टूटी सड़क की समस्या से अगले दो माह में निजात मिल जाएगी। मरम्मत कार्य के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने निविदा जारी कर दी है। केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) की जांच रिपोर्ट पर सड़क के दो हिस्सों को चमकाने का काम किया जाएगा। इस पर लगभग 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सूरजपुर- कासना मार्ग की लंबाई लगभग 12 किलोमीटर है। ट्रैफिक के लिहाज से यह सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल है। हर रोज एक लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। यह सड़क पिछले लगभग एक साल से भी अधिक समय से जगह- जगह पर टूटी पड़ी है।

सूरजपुर घंटाघर चौक से एलजी गोलचक्कर और सेक्टर पी-3 गोलचक्कर से कासना के बीच की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। हादसे का खतरा बना रहता है। वाहन चालकों की परेशानी को देखते हुए प्राधिकरण ने मरम्मत कराने से पहले सीआरआरआई से जांच कराई थी।

अधिकारी के मुताबिक सीआरआरआई ने इस सड़क के दो हिस्सों सूरजपुर घंटाघर चौक से एलजी गोलचक्कर और सेक्टर पी-3 गोलचक्कर से कासना तक मरम्मत कराए जाने का सुझाव दिया है। सूरजपुर चौक से एलजी गोलचक्कर तक की लंबाई लगभग 3.5 किमी और पी-3 गोलचक्कर से कासना तक की लंबाई लगभग 3.5 किमी है। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम ने बताया कि सड़क की मरम्मत कार्य से संबंधित निविदा जारी कर दी गई है। एजेंसी के चयन की प्रक्रिया पूरी कर अगले डेढ़ से दो माह में काम शुरू करा दिया जाएगा। इस पर लगभग 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन स्थानों पर सड़क की स्थिति ज्यादा खराब सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट के सामने, मोजरवेयर गोलचक्कर, पी-3 गोलचक्कर से आगे होंडा चौक आदि स्थानों पर सड़क सबसे ज्यादा टूट चुकी है। पिछले काफी समय से इसकी मरम्मत की जरूरत महसूस की जा रही थी। एयरपोर्ट चालू होने के बाद ट्रैफिक का दबाव और बढ़ेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से अगले कुछ माह में उड़ान सेवा शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद शहर में ट्रैफिक का दबाव और अधिक बढ़ जाएगा। शहर का प्रमुख मार्ग होने की वजह से सूरजपुर-कासना मार्ग पर भी वाहनों की आवाजाही बढ़ जाएगी।

यह सड़क परीचौक से होकर यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ती है। ऐसे में इस सड़क को दुरुस्त किया जाना बेहद जरूरी हो गया है। सूरजपुर-कासना मार्ग की मरम्मत का कार्य जल्द शुरू करा दिया जाएगा। सीआरआरआई की जांच रिपोर्ट आने के बाद निविदा जारी कर दी गई है। सीआरआरआई ने दो हिस्सो में सड़क की मरम्मत कराने का सुझाव दिया है। शहर की अन्य सड़कों की मरम्मत और उन्हें चौड़ा करने का काम किया जा रहा है। इससे आवगमन सुगम हो जाएगा।

# औद्योगिक भूखंड लेने का चार अगस्त तक मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने फेज एक और दो में 12 औद्योगिक भूखंडों की योजना लॉन्च की। इस योजना में चार अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। ये सभी भूखंड आठ हजार वर्ग मीटर से कम क्षेत्रफल के हैं। इनका आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि फेज वन के अंतर्गत शहर में सेक्टर-1 से 11 तक क्षेत्र आता है। ऐसे में औद्योगिक भूखंड योजना में सेक्टर-7, 8 और 10 के पांच भूखंड शामिल किए गए हैं।

इस योजना में सेक्टर-7 के डी ब्लॉक, सेक्टर-8 के एफ ब्लॉक और सेक्टर-10 के बी ब्लॉक में खाली भूखंड का आवंटन किया जाएगा। ये भूखंड 112 से लेकर 1178 वर्ग मीटर तक के हैं।

अधिकारियों ने बताया कि फेज टू में बड़े आकार के भूखंड शामिल किए गए हैं। ये सभी सात भूखंड सेक्टर-80 और 162 में हैं। इन दोनों सेक्टर में सबसे छोटा भूखंड 450 वर्ग मीटर का है। जबकि सबसे अधिक दो भूखंड 7430 वर्ग मीटर के हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में आवद. न करते समय 29500 रुपये प्रोसेसिंग और भूखंड की कीमत की 10 प्रतिशत राशि देनी होगी। ई-नीलामी के समय रिजर्व प्राइज से अधिक बोली लगानी होगी।

# ट्रैक्टर की टक्कर से छह वर्षीय बच्चे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-2 थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व ट्रैक्टर की टक्कर से छह वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मृतक के पिता ने शव का अंतिम संस्कार करने के बाद ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ककराला गांव में परिवार के साथ किराए पर रहने वाले चांद ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से जिला बुलंदशहर की कांशीराम कॉलोनी के रहने वाले हैं। आठ जुलाई की सुबह 10.20 बजे छह वर्षीय पुत्र मोहम्मद उमर घर के निकट चौराहे के पास सड़क पर खड़ा था। तभी एक ट्रैक्टर के चालक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। लहूलुहान अवस्था में स्थानीय लोगों ने उसे यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पीड़ित ने बच्चे का अंतिम संस्कार करने के बाद ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# विभिन्न कंपनियों में 109 युवक-युवतियों को मिला रोजगार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार देने के मकसद से राजकीय आईटीआई सेक्टर-31 नोएडा में में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं आईटीआई पास 465 अभ्यार्थी शामिल हुए। जिसमें से योग्यतानुसार 109 युवक-युवतियां रोजगार पाने में सफल रहे। रोजगार मेले में 22 कंपनियों ने 109 अभ्यर्थियों का रोजगार के लिए चयन किया। वहीं रोजगार प्राप्त करने वाले युवक-युवतियों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान अभ्यार्थियों ने रोजगार मिलने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन गौतमबुद्ध नगर के तत्वावधान में राजकीय आईटीआई नोएडा सेक्टर-31 निठारी में हाई स्कूल, इंटरमीडिएट एवं आईटीआई पास युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपालकृष्ण अग्रवाल, डीएम मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विद्यनाथ शुक्ल द्वारा किया गया।

इस दौरान डीएम और मुख्य विकास अधिकारी ने रोजगार के लिए चयन होने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर उनको शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही डीएम ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अधिकारियों से कहा कि समय-समय पर इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन कराया जाए। जिससे अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को रोजगार प्राप्त हो सके।

पत्रकारों से बातचीत् करते हुए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन गौतमद्ध नगर के जिला समन्वक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में समस्त राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से किसी भी ट्रेड में आईटीआई पास तथा दसवीं एवं 12वीं पास अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में 22 कंपनियों द्वारा उपस्थित होकर युवाओं का रोजगार के लिए साक्षात्कार लिया गया। रोजगार मेले में 465 युवाओं ने उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठाया, जिसमें से 109 युवाओं का रोजगार के लिए चयन किया है। उन्होंने कहा जनपद में इसी प्रकार आगे भी रोजगार मेले आयोजित कराए जायेंगे जिससे जनपद के बेरोजगार युवक-युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में रोजगार उपलब्ध हो सकें।

# कमिश्नर, डीआईजी व डीएम तथा एसपी ने किया पुरा महादेव मंदिर पर जलाभिषेक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर जनपद के ऐतिहासिक श्रीपरशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोषों से मंदिर परिसर और आसपास का वातावरण शिवमय हो गया। शिवभक्तों ने पवित्र गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

इस पावन अवसर पर कमिश्नर ऋषिकेश भास्कर यशोद, डीआईजी कलानिधि नैथानी, जिलाधिकारी अस्मिता लाल तथा पुलिस अधीक्षक सुरज राय ने मंदिर पहुंचकर विधिवत जलाभिषेक किया एवं सम्पूर्ण व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी जलाभिषेक किया। मेरठ मंडल कमिश्नर ऋषिकेश भास्कर यशोद और डीआईजी कलानिधि नैथानी ने मंदिर क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, आपातकालीन सेवाओं और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम, ड्रोन निगरानी और महिला सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान एनएचएआई की तीन आपातकालीन एम्बुलेंस नंबर 1033 को पुरा महादेव से हरी झंडी भी दिखाई गई। महाशिवरात्रि पर 21 जुलाई से 23 जुलाई तक पूरा महादेव मंदिर में मेला आयोजित किया जाएगा। प्रतिवर्ष हरिद्वार व अन्य तीर्थ स्थलों से पैदल गंगाजल लाकर लाखों की संख्या में कांवड़िए ऐतिहासिक शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए मंदिर कमेटी और प्रशासन ने संयुक्त रूप से व्यापक तैयारियां की हैं। जिलाधिकारी ने श्रद्धालु से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, मेला मजिस्ट्रेट भावना सिंह सहित संबंधित एसडीएम एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गौशाला की व्यवस्था बदहाल, पांच गोवंश की मौत, एक दर्जन बीमार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर गांव में बनी गौशाला की व्यवस्था बदहाल है जहा गौशाला में पांच पशु मृत मिले। वही एक दर्जन से अधिक पशु बीमार है।

खट्टा प्रहलादपुर में बनी गौशाला की स्थति अच्छी नही जहा गोवंश की देखभाल की व्यवस्था बदहाल है। गौशाला में पांच गोवंश मृत पड़े मिले। वही एक दर्जन पशु बीमार है। गांव के लोगो ने बताया कि पशुओं को सूखा भूसा खिलाया जाता है। वही देखभाल में भी स्थिति ठीक नही जब की प्रशासन की और से गौशाला में सभी सुविधा मुहैया करायी जाती है। उसके बाद भी स्थति में सुधार नही है। गोवंश जहा बधें होते है वहा की व्यवस्था भी ठीक नही है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से गौशाला में सुधार कराने की मांग की है।

## चोरों ने की 11 नलकूपों में हजारों की चोरी, पुलिस बेबस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** क्षेत्र में नलकूपों पर धावा बोल अज्ञात चोर हजारों का समान चोरी कर ले गये। पीड़ित किसानों ने रटौल पुलिस चौकी पर तहरीर दी है।

रटौल क्षैत्र मे नलकूपों पर चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। मुबारिकपुर के जंगल में किसान श्याम सुन्दर, सुरेश, मुकेश, शेखर, संजय, जयकुमार सोनम आदि के नलकूपों पर चोरो ने धावा बोल स्टाटर, कट आऊट, केबिल आदि सहित हजारो रूपये का समान चोरी कर ले गये। इसके अलावा रटौल में सुंदर, लहचौड़ा में रामनाथ,अमित रटौल के ही अरमान के नलकूपों से भी चोर हजारो रूपये का समान चोरी कर ले गये जिससे किसानों के सामने सिचाई की समस्या खड़ी हो गयी है। चोर लगातार घटनाओं को अंजाम देने मे लगे है एक सप्ताह पहले ढिकोली गांव के 10 नलकूपों को चोरो ने निशाना बनाया था। वही विनयपुर गांव नगलाबड़ी गांव के जंगल में भी चोरो ने नलकूपों पर धावा बोला था। चोर लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे है, लेकिन पुलिस आज तक चोरी की घटनाओं पर अंकुश नही लगा पाये है जिससे किसानों में आक्रोश बना हुआ है। क्षैत्र के लोगो ने उच्च अधिकारियों से चोरी के घटना के खुलासे की मांग की है।

## संविधान की आत्मा पर हमला बर्दाश्त नहीं: नवाब अहमद हमीद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नई दिल्ली के कॉन्स्टीटयूशन क्लब में अहम संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्दों को हटाने की हालिया बहस को लेकर गंभीर चिंता व्यद्र की गई। कार्यक्रम में देश भर से संविधान विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, और राजनेता शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान की मूल भावना को सुदृढ़ करना और यह सुनिश्चित करना था कि धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद जैसे मूलभूत सिद्धांत किसी भी राजनी. तिक एजेंडे की भेंट न चढ़ें। इस मौके पर कांग्रेस के उत्तर प्रदेश महासचिव नवाब अहमद हमीद ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द हटाने की साजिश देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर सीधा हमला है। यह देश को उस दिशा में ले जाने का प्रयास है, जो न गांधी की है, न अंबेडकर की, न संविधान की। कांग्रेस इसके खिलाफ हर मोर्चे पर लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि धर्मनिरपेक्षता हमारे संविधान की रीढ़ है। अगर इसे कमजोर किया गया, तो देश की एकता और अखंडता पर खतरा मंडराने लगेगा। समाजवाद का अर्थ समान अवसर और न्याय है। यह केवल एक विच. ारधारा नहीं, बल्कि भारतीय लो. कतंत्र की दिशा है। कार्यक्रम में अन्य वद्राओं ने भी इन मूल्यों की रक्षा की आवश्यकता पर बल दिया।

## एक नजर

### कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से डीएम ने किया कांवड़ यात्रा एप को लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कांवड़ यात्रा की शुद्धता, पवित्रता और सुगमता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में शासन की मंशा के अनुसार कांवड़ यात्रियों की सरलता, सुगमता एवं सुरक्षा के दृष्टिगत जिला प्रशासन बागपत ने अभिनव पहल करते हुए आईसीटी आधारित कांवड़ यात्रा एप विकसित किया है। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने श्रावण मास के प्रथम सोमवार के पवित्र अवसर पर परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर से कांवड़ यात्रा एप को लॉन्च किया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि कांवड़ यात्रा एप को कांवड़ यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत बनाया गया है ताकि जनपद बागपत में उनकी यात्रा सरल, सुगम एवं सुरक्षित हो। प्रतिवर्ष श्रावण मास में लाखों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़िया हरिद्वार एवं विभिन्न स्थानों से पैदल पवित्र गंगाजल लेकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं, जिसमें पूरा महादेव मंदिर की मान्यता और प्राचीनता मानी जाती है तथा श्रद्धालु अपने गंतव्य स्थानों को प्रस्थान बागपत से ही करते हैं। एप के माध्यम से एक क्लिक पर जनपद स्तरीय कांवड़ यात्रा कंट्रोल रूम, खाद्य सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर, कांवड़ यात्रा मार्ग का मैप, कांवड़ यात्रा मार्ग को गूगल मैप से जोड़ने का विकल्प, कांवड़ यात्रा मार्ग पर उपलब्ध चिकित्सा, शौचालय, पार्किंग आदि सुविधाएं, ट्रैफिक रूट डाइवर्जन प्लान, कांवड़ यात्रा के संबंध में विश्वसनीय सूचनाओं का स्रोत आदि विकल्प जोड़े गए है। कांवड़ यात्रा एप के क्यूआर कोड का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाएगा। कांवड़ यात्रा एप को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग बागपत द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से तैयार किया गया है। जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी ने बताया कि एप को शून्य खर्च पर एवं 24 घंटों के रिकॉर्ड समय में बनाया गया है जो ई-गवर्नेस का सशक्त मॉडल बनेगा। वहीं तकनीकी विशेषज्ञ अमन कुमार ने बताया कि वर्तमान में एप पर विभिन्न फीचर जोड़े जा चुके है और जल्द ही एप पर कांवड़ शिविरों, अस्थायी बस अढों, एडवाइजरी आदि के विकल्प भी जोड़े जाएंगे।

### जो जसगता है वह पसता है जो सोता है वह होता है:आचार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में सोमवार को कौशल भवन सभागार में आयोजित धर्म सभा में वात्सल्य दिवाकर गुरु तीर्थ निर्मलायतन प्रणेता जागृतिकारी संत आचार्य श्री 108 नयन सागर मुनिराज ने कहा जागो श्रावक जागो जो जसगता है। वह पसता है जो सोता है वह होता है प्रात: काल का समय केवल प्रभु के स्मरण का है दिन भर में कोई ऐसा काम मत करो जो की रात को सो ना सको और रात में कोई ऐसा काम मत कर बैठना की सुबह खुद को मुंह में दिखा सके। आप कुएं का पानी साफ नहीं कर सकते हां उसमें से अपने लिए गए। एक लोटे पानी को आप साफ जरूर कर सकते हो इसलिए आप अपना जीवन सुधर सकते हो संसार को नहीं सुधर सकते सूर्योदय के समय में जो सोता है। उसका कभी भाग्य उदय नहीं होता है। आज की धर्म सभा में प्रवीण जैन मनोज कुमार जैन मनोज जैन संभव पुनीत जैन कमल जैन आदेश जैन सबका दिनेश जैन अनुराग मोहन पवन जैन राकेश जैन सतीश जैन अमित जैन आदि ने भाग लिया।

### कांवड़ियों ने किया भगवान शिव का गुणगान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** सावन माह में शिवभक्ति में रंगे भक्त अपनी शारीरिक व मान. सिक दुर्बलता ही नहीं दिव्यांगता को भी आडे नहीं आने देते यह नजारा उस समय देखने को मिला जब एक दिव्यांग अपनी ट्राईसाईकिल को सुसज्जित कर और उसपर कांवड धरे हरिद्वार से बोल बम के जयघोष के साथ आधा मार्ग तय करते हुए बिना थकान के नगर की सडको से होकर गुजरा। इसबीच कांवड़ियों का जनसैलाब सोमवार को नगर के दिल्ली सहारनपुर रोड पर दिखाई दिया। शिवभक्तों का जत्था गंगाजल लेकर अपने गंतव्य विभिन्न शिवालयों की ओर बढ़ रहा है। पूरा माहौल हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज रहा है। आज सावन माह के प्रथम सोमवार को गांव से लेकर शहर तक के मंदिरों में शिव भोले पर जलाभिषेक करने वालों का तांता लगा रहा। शिव की महिमा के साथ शिव भक्तों ने शिव का गुणगान किया। पूजा अर्चना के साथ जगह-जगह मंदिरों में प्रसाद वितरण भी किया गया। कहीं रंगबिरंगी झालरों से सजी कांवड़ें तो कहीं भक्ति गीतों के बीच नृत्य करते कांवडिया सड़कों पर चल रहे हैं। अलग-अलग अंदाज में कावड़िया पैरों में घुंघरू बांध कर छम छम की आवाज सड़कों पर करते चल रहे हैं। गांव के लोग सड़कों पर खड़े होकर फूलों की वर्षा करते हुए कावड़ियाओं का स्वागत कर रहे हैं।

## स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों ने की एक दिव्यांग छात्र की पिटाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिसाना गांव के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय में स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों ने एक दिव्यांग छात्र की पिटाई कर दी और उसकी आंख पर पेन से हमला कर दिया जिससे वह चोटिल हो गया।

इस दौरान सोमवार को घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित छात्र के परिजन आसपास के लोगों के साथ स्कूल पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए दोषी छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जब वे शिकायत लेकर प्रिंसिपल के पास गए, तो उन्होंने कार्रवाई से इनकार कर दिया। प्रिंसिपल ने उल्टे दिव्यांग छात्र को ही स्कूल छोड़ने की बात कह दी। हंगामा बढ़ता देख प्रिंसिपल ने अपना रुख बदला और भविष्य में ऐसी घटना न होने का आश्वासन दिया। पीड़ित छात्र के पिता धर्मेन्द्र चौहान के मुताबिक, दोनों छात्र झगड़ालू प्रवृत्ति के हैं। वे पहले भी कई छात्रों के साथ मारपीट कर चुके हैं। दिव्यांग होने के कारण पीड़ित छात्र को ये दोनों आए दिन परेशान करते हैं। इस वजह से वह डर के मारे स्कूल जाने से भी कतराता है। पिता धर्मेन्द्र चौहान ने चेतावनी दी है कि अगर भविष्य में ऐसी घटना दोहराई गई या स्कूल प्रशासन लापरवाही बरतेगा तो वे पुलिस में शिकायत करेंगे।

## पत्नी की हत्या के आरोप में पुलिस ने पति को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** भागौट गांव में एक 24 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हेगिंग (लटकनें) के कारण हुई मृतका के पिता ने मृतका के पति और ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है था जिसमे पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

भागौट निवासी विपिन पुत्र जयकरण की शादी 2021 में बरौला नोएडा निवासी महाराज सिंह की पुत्री सरिता से हुई थी जिनके दो पुत्री छवि और नवी भी है। महाराज सिंह ने बताया था कि रात्रि में उसके पास मोबाइल फोन पर सूचना मिली थी। उसकी पुत्री सरिता को हार्ट अटैक आया था। वह अस्पताल ले जा रहे थे। सुबह जब वह गांव पहुंचे तो वह मृत थी और उसके शव को शमशान घाट ले जाने की तैयारी चल रही थी। मृतक की सरिता की बहन की शादी रिया की शादी भी भागौट गांव मे हुई थी। उसे जब पता चला तो वह दौड़कर बहन के घर पहुंची थी और उसने बहन को देखने के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी थी और बताया कि उसकी बहन की गला दबाकर हत्या कर दी गयी है। सूचना मिलते ही खेकड़ा सीओ रोहन चोरसिया चांद. ीनगर थाना प्रभारी संजय कुमार मय फोर्स के मौकें पर पहुंचे थे जहा विवाहिता के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था। मौकें पर भारी भीड़ भी इकठा हो गयी। वही पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतका के तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा कायम कर लिया था और आरोपी पति को हिरासत मे ले लिया जिसके खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है।

## कांग्रेस नेताओं ने दी चेतावनी, अगर मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो करेंगे बड़ा आंदोलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर आवाज उठाने पर यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय समेत 10 नेताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट प्रभारी को राज्यपाल नाम एक ज्ञापन दिया।

सोमवार को कलेक्ट्रेअ प्रभारी को एक ज्ञापन देते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ऑर्डिनेटर संदीप शर्मा ने बताया कि सावन माह में काशी विश्वनाथ मंदिर में व्यवस्थाएं खराब थीं। इस मुद्दे को अजय राय और अन्य नेताओं ने उठाया था। इसके बाद प्रदेश सरकार ने उन पर मुकदमे दर्ज कर दिए। कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट प्रभारी को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन दिया। उन्होंने सभी नेताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और मंदिर की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए ड्रोन से की जाएगी निगरानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार के उपलक्ष्य में जनपद बागपत के ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में जलाभिषेक किया। जिला. धिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर में पहुंचकर वहां दिनभर कैंप कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने बताया कि कांवड़ यात्रा और परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पर जलाभिषेक एवं आगामी मेले को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा एवं विद्युत आपूर्ति जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी श्रद्धालु को कोई असु. विधा न हो। उन्होंने मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत ड्रोन से की जा रही निगरानी का जायजा लिया। स्वच्छता पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, मेला मजिस्ट्रेट भावना सिंह आदि रहे।

## रंगरेज एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी का सम्मान समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में रंगरेज एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी का सातवा सम्मान समारोह मिलन मैरिज होम बड़ौत में अयोजित किया गया, जिसमें बिरादरी के होनहार बच्चे को अच्छे अंक लाने पर सम्मान दिया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता हाजी ग्यासुद्दीन ने की और मुख्य राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता मुख्य अतिथि अश्वनी तोमर, विशिष्ट अतिथि जयवीर सिंह तोमर एवं राष्ट्रीय लोक दल वरिष्ठ नेता डा.इरफान मलिक रहे।

सभा को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता, डा.इरफ़ान मलिक ने कहा इस तरह के आयोजनों से समाज के दूसरे बच्चों को प्रोत्साहन मिलता है और वह भविष्य में अच्छे से अच्छा करने का प्रयास करते हैं। इस कार्यक्रम के लिए समाज के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र है। सभा को सम्बोधित करते हुए अश्विनी तोमर ने कहा इस कार्यक्रम में आकर बड़ा अच्छा लगा जहां समाज के बुद्धिजीवी लोग एक साथ बच्चों के सम्मान के लिए इकट्ठा हैं। ऐसा समाज निश्चित ही तरक्की के रास्ते पर चलता है। एड. जयवीर सिंह तोमर ने कहा कि समाज के जिस भी बच्चे को अपनी शिक्षा के लिये किसी भी तरह की मदद की जरुरत होगी तो वो हमेशा उसके लिए तैयार रहेंगे। एक शिक्षित समाज ही एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समीर मुजीब, मास्टर वहाब, शुजा, हाजी सलीम आदि का योगदान रहा।

## ग्राम प्रधान को अधिकार वापस देने और वाटर कूलर खरीद की निष्पक्ष जांच की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वित्तीय अनियमितता के आरोप में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सरूरपुर कला गांव की ग्राम प्रधान राकेश देवी के वित्तीय अधिकारों पर रोक लगा दी है। इस कार्रवाई के विरोध में आज दर्जनों ग्राम प्रधान कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट प्रभारी को ज्ञापन दिया।

सोमवार को दिए गए ज्ञापन में प्रदर्शनकारी ग्राम प्रधानों का कहना है कि वाटर कूलर खरीद में कोई अनियमितता नहीं हुई है। उनका तर्क है कि बाजार में अलग-अलग कंपनियों के वाटर कूलर अलग-अलग कीमतों पर उपलब्ध हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सिर्फ ग्राम प्रधानों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा लगाए गए वाटर कूलर की जांच नहीं की जा रही है। ग्राम प्रधानों ने यह भी कहा कि वित्तीय अनियमितता संभव ही नहीं है। सभी जरूरी कागजात ग्राम सचिव और अन्य अधिकारियों के पास होते हैं। ग्राम प्रधान संगठन ने कलेक्ट्रेट प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। इसमें सरूरपुर कला की ग्राम प्रधान को अधिकार वापस देने और वाटर कूलर खरीद की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। इस दौरान वीरेन्द्र सिंह, ओमबीर , रोहित आदि रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सूरज व पुत्रवूध एकता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सुधीर पुत्र रामपाल निवासी ग्राम लूम्ब थाना छपरौली जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र दानिश से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

शकील पुत्र निजामूदीन निवासी ग्राम बसौद थाना सि.अहीर जनपद बागपत।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्कार विद्या पीठ शिक्षा प्रसार समिति, कस्बा व पोस्ट-टीकरी, तह.-बड़ौत, जिला-बागपत का पंजीकरण सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत पत्रावली संख्या-58021-एम दिनांक: 06.06.2013 को किया गया। श्री अजितेश कुमार ने स्वयं को संस्था का प्रबन्धक बताते हुए प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2025-26 के साथ नवीनीकरण कराये जाने हेतु प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। प्रस्तुत प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2025-26 के अनुसार सर्वश्री श्रीमती नीतू अध्यक्ष, लोकेन्द्र उपाध्यक्ष, अजितेश कुमार प्रबन्धक, संजय कुमार उपप्रबन्धक, संदीप कुमार कोषाध्यक्ष, शैलेन्द्र कुमार, नरेन्द्र व तुषार तोमर सदस्य दर्शाये गये हैं। उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, बी-2, सोमदत्त सिटी, के.एल. इण्टरनेशनल स्कूल के पीछे, मेरठ में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

**डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, मेरठ मण्डल, मेरठ।**

# कांवड़ियों ने स्कूल बस में की तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कांवड़ यात्रा के दौरान उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब एक स्कूल बस ने जल लेकर जा रहे तीन कांवड़ियों को टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक इस हादसे में तीनों श्रद्धालु घायल हो गए, जिसके बाद नाराज कांवड़ियों ने बस में तोड़फोड़ की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह मामले को शांत कराया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेग. मपुल चौकी के पास दिल्ली मार्ग पर हुई। गाजियाबाद निवासी संदीप, बॉबी और अभिषेक हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे थे, तभी कैंट अस्पताल के समीप पीछे से आई स्कूल बस कांवड़ियों से मामूली रूप से टकरा गई। टक्कर लगते ही तीनों कांवड़िए घायल हो गये। इस घटना से आक्रोशित अन्य कांवड़ियों ने बस को घेर लिया और उसके शीशे तोड़ डाले। उन्होंने बस चालक के साथ मारपीट भी की, जो



घबराकर वाहन छोड़कर भाग निकला। इस घटना के चलते कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही क्षेत्रधिकारी सीओ-कैंट संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक शहर आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि घटना में तीन कांवड़िए मामूली रूप से घायल हुए थे, जिनको प्राथमिक उपचार के बाद आगे उनकी यात्रा के लिए भेज दिया गया है।



घटना के बाद दिल्ली रोड पर खड़ी स्कूल बस।

# मानसिक तनाव में जानी नहर में कूदी महिला, राहगीरों ने बचाई जान

■ पुलिस ने महिला को उपचार के लिए भेजा अस्पताल, लोगों में चर्चा का बाजार गर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार को जानी नहर पुल पर एक 40 वर्षीय तान्या महिला निवासी सिवालखास की रहने वाली है अचानक नहर में कूद गई तभी वहा अचानक हड़कंप मच गया। तभी मौके पर मेरठ से कांवड़ डयूटी पर तैनात एक दरोगा यतेन्द्र कुमार नहर में एक झाड़ियां में कुद गये तभी वहा पर राहगीरों की मदद से महिला को सकुशल बाहर निकाल लिया। महिला काफी तनाव में थी तभी मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने महिला को पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा था पता चला है की महिला किसी घरेलू तनाव से पीड़ित चल रही थी। वहीं घटनास्थल पर ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गई थी।



# डीएम ने मवाना गंग नहर पटरी व गढ़ रोड कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को डीएम डॉ. वी.के. सिंह एवं एसएसपी विपिन ताडा द्वारा मवाना गंगनहर पटरी व गढ़ रोड कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया।



उन्होंने मवाना पुल से शाहज. हांपुर पुल तक गंगनहर पटरी तथा शाहजहांपुर पुल से मेरठ गढ़ रोड तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सडक मरम्मत पेंचवर्क, जल निकासी, शौचालय, पेयजल, साईनेज, स्ट्रीट लाईट, विद्युत खंभो को पालिथीन से कवर कराने, ट्रांसफार्मर को जाली से कवर कराने आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणो से वार्ता की तथा संबंधित अधिकारी को ग्रामीणो द्वारा बताई गई समस्याओ का तत्काल संज्ञान लेते हुये निस्तारण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियो को अपने अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण शील रहने व समस्त व्यवस्थाओ को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एसडीएम मवाना संतोष कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड, लोनिवि सतेन्द्र सिंह सहित सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, वन विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पर दर्ज फर्जी मुकदमों और कांग्रेस नेताओं पर हो रहे दमन के विरोध में एक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने किया। इस अवसर पर सभी कांग्रेसजन जिला अधिकारी कार्यालय, में एकत्रित हुए और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर किए जा रहे फर्जी मुकदमों की कड़ी निंदा की तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की मांग की गई। ज्ञापन में मुख्य रूप से तीन मांगें उठाई गईं।

# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** क्षेत्र में सावन के पवित्र माह के पहले सोमवार को शिवालयों में भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। सोमवार को मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना जाना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में गंगाजल, दूध, दही से जलाभिषेक कर बेलपत्र, चावल व पुष्प से भगवान शिव की पूजा की।

गंगानगर, डिफेंस कालोनी में स्थित शिव मंदि. रों पर भी शिव भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। शिव भक्तों की लंबी-लंबी कतारे इन मंदिरों पर देखी गई। कसेरूखेड़ा स्थित रामेश्वरम राधा कृष्ण मंदिर में भी सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सोमवार की अल सुबह से ही शिव भक्त हाथों में लोटा एवं टोकरी में फल, फूल, बेलपत्र लिए श्री रामेश्वरम राधा कृष्ण मंदिर में पहुंचे। जहां भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। सोमवार की सुबह बारिश के बावजूद भी मंदिर में श्रद्धालुओं का आना लगा रहा



और भोले के भक्तों ने बारिश में ही पूजा अर्चना की। कसूर खेती के गीत मारवाड़ी बंगाल स्थित प्राचीन शिव मंदिर में बाजार स्थित शिव मंदिर में भी शिव भक्तों की आस्था देखते ही बनती थी अल सुबह से ही छोटे- बड़े, बुजुर्ग, महिला, पुरुष की लंबी कतारें इन मंदिरों पर देखी गई।

# राज्यमंत्री दिनेश खटीक को पड़ा दिल का दौरा, हालत स्थिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश सरकार में जलशक्ति राज्य मंत्री और हस्तिनापुर विधानसभा सीट से विधायक दिनेश खटीक को रविवार देर रात अचानक सीने में तेज दर्द और बेचैनी की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें तुरंत मेरठ के आनंद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक की पुष्टि की, जिसके बाद उनकी एंजियोग्राफी की गई। इलाज कर रहे वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. ममतेश गुप्ता ने बताया कि मंत्री के हृदय की नसों में ब्लॉकेज पाया गया, जिसके बाद तत्काल ऑपरेशन कर स्टेंट डाला गया। डाक्टरों के अनुसार ऑपरेशन सफल रहा है और वर्तमान में मंत्री दिनेश खटीक की स्थिति स्थिर बनी हुई है। उन्हें अस्पताल के



आईसीयू में रखा गया है जहां विशेषज्ञों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। अस्पताल प्रशासन द्वारा जारी हेल्थ बुलेटिन में बताया गया कि मंत्री की हालत चिंताजनक नहीं है, लेकिन एहतियातन अगले कुछ दिनों तक उन्हें डाक्टरों की देखरेख में ही रखा जाएगा।

# आशियाना कालोनी की 15 हजार गज जमीन कब्जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को मवाना के मौहल्ला मुन्ना लाल के कुछ लोग शादाब पुत्र जमीरूद्दीन के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचे और भूमाफिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पीड़ितों के अनुसार शादाब व जुल्फुकार और अनीस की जमीन को राजमोहन राणा, आकाश धामा, हसीना, दिलशाद और शाहरूख आदि ने एक भूमाफिया गिरोह बनाकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। यहीं नहीं कुछ जमीन पर तो अवैध रूप से मकान बनाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ितों की मानें तो एसडीएम और सीओ उल्टा पीड़ितों को ही धमका देते हैं। कई प्रार्थना पत्र देने पर भी आरोपियों पर कार्रवाई न होने का आरोप पीड़ितों ने मीडियाकर्मियों से रूबरू होते हुए लगाया।

### सावन का पहला सोमवार

# फिरोजपुर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

■ श्रद्धालुओं ने परिवार की लंबी आयु की मांगी कामना, मंदिर पर भक्तों को लगा रहा तांता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सैफपुर फिरोजपुर के समीप स्थित महादेव मंदिर पर सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर परिवार की लंबी आयु की कामना की। सोमवार को सुबह से ही भगवान आशुतोष के शिवलिंग पर दूध, दहीं, फल बेल पत्थर के पत्ते से जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर परिवार की सुख शांति एवं लंबी आयु की कामना की। पंडित पिंटू शर्मा ने बताया कि फिरोजपुर महादेव मंदिर पर जो भी श्रद्धालु अपनी मनोकामना करने के लिए जलाभिषेक करता है। भगवान आशुतोष उसका फल अवश्य देते हैं। सावन के पहले सोमवार को मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, और उन्होंने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक कर परिवार की सुख शांति एवं लंबी आयु की कामना की। मंदिर परिसर के सामने लगी दुकानों पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद खरीद कर वितरित किया। वहीं पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा।

# तक्षशिला स्कूल में धूमधाम से मनाई गई सावन शिवरात्रि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में सोमवार को सावन शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर बच्चों ने शिव तांडव स्त्रेत गीत पर तथा भोले बाबा मेरे हैं मैं बेटी हूं महाकाल की आदि गीतों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिससे सम्पूर्ण वातावरण शिवमय हो गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डाक्टर ओमपाल सिंह व प्रधानाचार्य डाक्टर प्रवीन कुमार पथरा ने बच्चों को सम्बोधित किया एवं महाशिवरात्रि के पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पर्व हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति एवम अध्यात्म के परिचायक हैं हमें इन्हे पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए।

# संजय त्रिवेदी बने परीक्षितगढ़ थाना प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** 11 महीने बाद थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह का तबादला फलावदा हो गया। वहीं उनकी जगह फलावदा के एसओ संजय त्रिवेदी को परीक्षितगढ़ थाने का चार्ज दिया गया है।

सोमवार को सयुक्त व्यापार मंडल रजिस्टर्ड द्वारा एसओ संजय द्विवेदी को परीक्षितगढ़ का चार्ज दिए जाने पर शॉल पहना कर स्वागत किया, अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग ने कस्बे के सभी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से परिचय कराया, महामंत्री शुभम वशिष्ठ ने पूर्व से चली आ रही व्यापारियों की समस्याओं से भी अवगत कराया, और उम्मीद जताई कि आपके नेतृत्व मैं कस्बे की जनता और व्यापारियों को समय- समय पर आपका मार्गदर्शन मिलेगा। मंत्री विनेश गर्ग ने अनुरोध करते हुए कहा की जैसे पूर्व की तरह परीक्षितगढ़ पुलिस द्वारा मासिक व्यापारी मीटिंग बुलाई जाती है आप भी ऐसे ही व्यापारियों से तालमेल बना कर रखेंगे और मीटिंग करते रहेंगे। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग के अलावा व्यापारी मौजूद रहे।

# हैरत है किसी हाथ में पत्थर भी नहीं है, महफूज मगर यहां कोई सर भी नहीं है

■ श्री वेंक्टश्वरा विश्वविद्यालय में हुआ शानदार कवि सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में बहुभाषी कवि सम्मेलन-2025 का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से पधारे एक दर्जन से अधिक विख्यात कवियो साहित्यकारो ने हिन्दी, ऊर्दू, पंजाबी, विभिन्न भाषाओ में देशभक्ति से ओत प्रोत एक से बढ़कर एक शानदार रचनाऐ प्रस्तुत कर इस समारोह को यादगार बना दिया।

वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के साथ मिलकर देश के इन विख्यात रचनाकारो को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं तुलसी माला व रुद्राश के पौधे भेटकर उनका अभिनन्दन किया। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के रविन्द्रनाथ टैगोर सभागार में उत्तर प्रदेश, पंजाबी अकादमी के तत्वाधान में आयोजित बहुभाषी कवि सम्मेलन-2025 का शुभारम्भ



दिल्ली से पधारे मुख्य अतिथि गुरु हरिकिशन सिंह, हॉस्पिटल बांग्ला साहित्य के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार सरदार भूपेन्द्र सिह भुल्लर, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के चेयरमैन प्रो. उमापति दीक्षित, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, आचार्या सुमेधा दीदी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, कार्यक्रम संयोजक डॉ. मधु चतुर्वेदी, विख्यात कवियत्री जसप्रीत कौर फलक, डॉ. राहुल अवस्थी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। सरस्वती वंदना के बाद सबसे पहले काव्य पाठ करने आयी पंजाब की विख्यात कवियत्री जसप्रीत कौर फलक ने कहा कि ''इह धरती मुस्काई है, कि सावन आ गया लग्दै है। झड़ी बादला ने लाई है, कि सावन आ गया लग्दै है''।। मंच का शानदार संच. ालन कर रहे ओज के कवि राहुल अवस्थी ने कहा कि ''गुरू गोविन्द सिंह का गौरव, सिखों आप फिजूलो मत। हनी सिंह को याद करो, पर भगत सिंह को भूलो मत''।। सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम संयोजक एवं विख्यात कवियत्री परविन्दर कौर बेदी ने कहा कि ''कुछ नाग महक दे बेहडे विच कुंडलिया मारे बैढे नी। कुछ फनिहर, पनिहर, बिसिहर, कुछ इच्छाधारी बैढे नी'' ।। सुनाकर आदमी की फितरत बयां की। विख्यात पंजाबी कवि एवं गायक मनप्रीत टिवाणा ने कहा कि''जिनां राहवां चौं तू आवें ओहना राहवां नू सलाम। तेरे शहर वललों औंदीयां हवावां नू सलाम''।। सुनाकर देशभक्ति के मौहाल से सरोबार कर दिया। ओज एवं प्रेम के कवि डॉ. चेतन आनन्द ने पढ़ा कि'' मोहब्बत ने खोले अंधेरो के ताले। इधर भी उजाले, उधर भी उजाले। मोहब्बत से जिसने मोहब्बत ही सीखी, उसे नफरतो से पड़ेगे ना पाले''।। सुनाकर तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। उत्तर प्रदेश पंजाबी आकदमी की निदेशक एंव वरिष्ठ साहित्यकार प्रेमवती उपाध्याय ने पढ़ा कि''आज तेरा सितारा गगन चूमता, विश्व करता तुझे हाथ जोड़कर नमन। क्या पता कल विभा साथ दे या ना दे, इन सितारो का कोई भरोसा नहीं''।। सुनाकर खूब तालिया बटोरी। केन्द्रीय हिन्दी संस्थान भारत सरकार के अध्यक्ष प्रो. उमापति दीक्षित ने कहा''हैरत है किसी हाथ में पत्थर भी नहीं है। महफूज मगर यहां कोई सर भी नहीं है''।। मुख्य अतिथि एवं विख्यात साहित्यकार सरदार भूपेन्द्र सिंह भूल्लर ने कहा कि शानदार आयोजन के लिए श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं उत्तर प्रदेश, पंजाबी अकादमी लखनऊ का आभार व्यक्त किया। कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी युवा पीढ़ी को गुरुगोविन्द सिंह, सरदार भगत सिंह के बलिदानो की याद दिलाकर उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित करेंगे''। इस अवसर पर कुलसचिव पीयूष पाण्डेय, डीन एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ. सुमन कश्यप, डॉ. अंजलि भारद्वाज, डॉ. आरती गुप्ता, डॉ. विकास पाण्डेय, डॉ. दीक्षा, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. राजवर्धन सिंह, डॉ. आशुतोष, डॉ. एस.एन. साहू, डारेक्टर लीगल देव प्रताप सिंह, डॉ. स्नेहलता, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. योगेश्वर, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# चार योजनाओं से सत्ता में बने रहे सचिव, फिर भी नहीं हो रहा मोह भंग

■ एएसपीजी कॉलेज का है मामला, आखिर क्या है कालातीत कमेटी के सचिव का खेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** तहसील क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक एएसपीजी कॉलेज इन दिनों शिक्षा की वजह से कम, प्रबंध समिति के राजनीतिक अखाड़े की वजह से खासा चर्चाओं में है। कालातीत हो चुकी प्रबंध समिति के सचिव का मोह कॉलेज से नहीं छूट पा रहा है। जबकि वह पिछली चार योजनाओं से इस पद पर विराजित रह चुके हैं। इसका प्रमाण सभी के सामने है कि निर्विरोध चुनी गई प्रबंध समिति के खिलाफ वह खुलकर मैदान में उतर चुके हैं और समिति बॉयलॉज के विरुद्ध जाकर अध्यक्ष पद का हनन करते हुए उन्हें कॉलेज के फर्जी लेटर पेड पर आम सभा बुला ली।



## शिक्षा के क्षेत्र में दूर-दूर तक है नाम

नगर के एएसपीजी कॉलेज का नाम क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि दूर दराज तक शिक्षा के क्षेत्र में प्रसिद्ध है। इस कॉलेज को एएस डिग्री कॉलेज एसोसियेशन नाम की समिति संचालित करती है। पिछले कई दशकों से कॉलेज का नाम अर्श पर है, लेकिन इन दिनों कॉलेज का नाम राजनी. तिक अखाड़े के रूप में चर्चाओं में है।

## चार योजनाओं से हैं सचिव

एएस डिग्री कॉलेज एसोसियेशन की कालातीत हो चुकी प्रबंध समिति सचिव पिछली चार योजनाओं से सचिव रह चुके हैं। इन्हीं सचिव ने दो महीने पहले कार्यकाल पूरा होने पर व्यापारी विनोद गुप्ता को खुद मनोनीत किया था। उसके बाद जब चुनाव अधिकारी ने निष्पक्ष चुनाव कराने की बात कही तो यह बात सचिव को नागवार गुजरी और चुनाव प्रक्रिया के बीच में चुनाव अधिकारी को हटाने का प्रेस नोट जारी कर दिया। उसके बाद भी प्रक्रिया के तहत चुनाव अधिकारी ने चुनाव निष्पक्ष करा दिया। पूरी प्रबंध समिति निर्विरोध चुनी गई, लेकिन रोड़ा अटकाते हुए समिति अनुमोदन में शिकायत करा दी गई।

## अध्यक्ष को है आम सभा बुलाने का अधिकार

एसोसियेशन की प्रबंध समिति में आम सभा बुलाने का अधिकार सिर्फ अध्यक्ष को होता है, लेकिन कालातीत हुई प्रबंध समिति के सचिव ने कॉलेज के लेटर पेड पर बिना पत्रांक संख्या और तारीख के 13 जुलाई को आम सभा बुलाने का पत्र जारी कर दिया। जबकि निर्विरोध चुनी गई प्रबंध समिति का वाद अभी विचाराधीन है। फिर भी इस तरह से आम सभा बुलाना समिति के आम सदस्यों के भी गले नहीं उतर रहा है। खुद ही सचिव ने अध्यक्ष पद के अधिकारों का हनन करते हुए यह अवैधानिक पत्र जारी कर दिया।

## लाखों का खेल होने की चर्चा

नगर में चर्चाओं का बाजार गरम है कि पिछले कुछ वर्षों में कॉलेज समिति के खातों में लाखों रुपए का घोटाला हुआ है।

इसी घोटाले को छिपाने के नियत से कालातीत कमेटी के सचिव फिर से सत्ता में काबिज होने के ख्वाब देख रहे हैं। चर्चाओं को लेकर सवाल पूछे जाने पर निर्विरोध चुने गए समिति उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आदेश शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ सालों में खातों से आहरित धनराशि का ऑडिट कराया जाएगा। यदि कोई घोटाला मिला तो आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

# मदरसों में लॉक डाउन के दौरान हुई भर्तियों की होगी जांच, शासन ने मांगी एक सप्ताह में रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लॉकडाउन में धारा 144 का उल्लंघन करते हुए मदरसों में की गई भर्ती में हुई धांधली में यूपी का अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय अब पूरी तरह से सख्त हो गया है। निदेशक अंकित कुमार अग्रवाल ने मेरठ सहित 20 जिलों के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को एक हफ्ते का अल्टीमेटम देते हुए जांच रिपोर्ट तलब की है। मामले में शिकायतकर्ता दिलशाद ने अवैध नियुक्ति की बर्खास्तगी सहित वेतन वसूली और मुकदमे दर्ज करते हुए दोषी अधिकारी व मदरसा संचालकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। शासन के हस्तक्षेप के बाद मामले में कार्यवाही निश्चित मानी जा रही है तो वहीं प्रकरण से जुड़े अधिकारियों और मदरसा दारुल उलूम मेरठ की प्रबंधन समिति के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पहले सोमवार को श्रद्धालुओं ने किया शिव का जलाभिषेक

■ महाभारतकालीन प्राचीन पांडेश्वर मंदिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को ऐतिहासिक नगरी के महाभारत कालीन प्राचीन पांडेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मान्यता के चलते श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार को प्राचीन पांडेश्वर मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करने से मनोकामना पूर्ण होती है। वहीं परिवार में सुख समृद्धि का वास रहता है। प्रथम सोमवार को भी यहां पहुंचकर श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक किया। वहीं कर्ण मंदिर समेत अन्य मंदिरो में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। हर-हर महादेव के जयकारों के बीच मंदिर में भगवान आशुतोष को दूध, दही, घी, गंगाजल, शहद, पुष्प, मिष्ठान समर्पित कर धूप दीप से अर्चना की गई। पांडव टीले पर मौजूद प्राचीन जयंती माता शक्तिपीठ मंदिर में जयंती माता की विशेष पूजा अर्चना की।

# इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट 22 रन से जीता

**193 रन नहीं बना सका भारत, सीरीज में 1-2 से पिछड़ा, आर्चर-स्टोक्स को मिले 3-3 विकेट**



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने लाड्र्स टेस्ट में भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को मैच के 5वें दिन भारत को 135 रन बनाने थे, 6 विकेट बाकी थे। टीम ने 112 रन बनाने में ही सभी विकेट गंवा दिए। इसी के साथ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। गुरुवार, 10 जुलाई को लंदन में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। दोनों टीमें पहली पारी में 387-387 रन ही बना सकीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 192 रन बनाए।

193 रन के टारगेट के सामने भारत से केएल राहुल (39 रन) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 61 रन) ही फाइट दिखा सके। बाकी कोई भी बैटर 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इंग्लैंड से बेन स्टोक्स और जोफा आर्चर ने 3-3 विकेट लिए। 75वां ओवर डाल रहे शोएब बशीर ने मोहम्मद सिराज को बोल्ड कर दिया। इसी के साथ भारतीय टीम दूसरी पारी में 170 रन पर ऑलआउट हो गई और 22 रन से हार गई। 74वें ओवर में जोफ्रा आर्चर की बाल मोहम्मद सिराज के कंधे पर लगी। आर्चर ने ओवर की आखिरी बाल बाउंसर डाली थी। सिराज ने इससे इससे बचने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। आखिरी दिन का दूसरा सेशन भारत के नाम रहा।

31.1 ओवर के इस सेशन में भारत ने एक विकेट खोकर 51 रन बना डाले। रवींद्र जडेजा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ साझेदारी की। उन्होंने इंग्लैंड के जीत के इंतजार को बढ़ा दिया। रवींद्र जडेजा ने 68वें ओवर की पहली बाल पर चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने बेन स्टोक्स की लेंथ को स्लिप के ऊपर से खेला और अर्धशतक पूरा किया। जडेजा ने लगातार चौथी पारी में फिफ्टी पूरी की है। 67वें ओवर में भारत ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और स्कोर 150 पार पहुंचा दिया था। 62वें ओवर में भारतीय टीम ने 9वां विकेट गंवा दिया।

यहां जसप्रीत बुमराह 54 बाल पर 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने सब्सिट्यूट प्लेयर सैम कुक के हाथों कैच कराया। बुमराह ने जडेजा के साथ 132 बाल पर 35 रनों की साझेदारी की। रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह की जोड़ी ने इंग्लैंड की जीत का इंतजार बढ़ा दिया। । दोनों ड्रिंक्स ब्रेक तक 81 बाल खेल चुके थे। इंडियन टीम ने 40वें ओवर की तीसरी बाल पर 8वां विकेट गंवाया था। 48वें ओवर में रवींद्र जडेजा क्रिस वोक्स की बाल पर आउट होने से बचे।





खेल विशेष

## जैनिक सिनर ने जीता विंबलडन मेंस का खिताब

**लंदन, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने विंबलडन के मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। सिनर ने पहली बार यह टाइटल जीता है। वे विंबलडन चैंपियनशिप का मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने हैं। लंदन के आल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट में इटली के सिनर ने रविवार रात को 3 घंटे 4 मिनट चले मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने अल्काराज से 5 हफ्ते पुराना हिसाब भी चुकता कर लिया है। 8 जून 2025 को अल्काराज ने सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। सिनर ने पहली बार विम्बलडन ट्रॉफी जीती है। वे विंबलडन चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। यह सिनर का चौथा ग्रैंड स्लैम टाइटल है। वे आस्ट्रेलिया ओपन में 2 (2024, 2025) और ै ओपन में एक (2024) बार चौंपियन बन चुके हैं। मैं अपने सपने को जी रहा हूं- सिनर सिनर ने पहली बार विम्बलडन जीतने पर कहा, मेरे अलावा सिर्फ मेरे करीबी लोग ही जानते हैं कि हमने टेनिस कोर्ट और कोर्ट के बाहर क्या कुछ झेला है। ये बहुत स्पेशल है। मैं अपने सपने को जी रहा हूं। सिनर से लगातार 5 जीत के बाद हारे अल्कराज विंबलडन के पिछले 2 टाइटल जीतने वाले अल्कराज अपने इटैलियन प्रतिद्वंद्वी सिनर के खिलाफ 5 मैच बाद हारे हैं। अल्कराज ने 3 घंटे 4 मिनट चले इस मैच का पहला सेट 6-4 से जीता और मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। यहां से इटली के सिनर ने लगातार तीन सेट 6-4, 6-4, 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इगाने जीता विमेंस सिंगल्स का खिताब एक दिन पहले शनिवार, 12 जुलाई को इगा ने विंबलडन के विमेंस सिंगल्स का खिताब जीता था।

# चेल्सी ने जीता फीफा क्लब विश्वकप

- **23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कोल पाल्मर के पहले हाफ में किये गए दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की बदौलत चेल्सी ने फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया। मेटलाइफ स्टेडियम में रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में पाल्मर ने अपनी टीम के लिए 22वें मिनट में गोल किया, और आठ मिनट बाद 30वें मिनट में दूसरा गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद जोआओ पेड्रो ने तीसरा गोल दागकर स्कोर को 3-0 कर दिया। पीएसजी ने दूसरे हाफ में जवाबी हमला किया, लेकिन चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सां. चेज ने उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पीएसजी की वापसी की सारी उम्मीदें 84वें मिनट में उस समय धराशायी हो गईं जब मार्क कुकुरेला के बाल खींचने के कारण जोआओ नेवेस को मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैच में दो शानदार गोल करने वाले 23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## भारतीय शतरंज प्रतिभाओं ने चमक बिखेरी-7 पदक हासिल किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने अंडर-8 से अंडर-12 आयु वर्ग के फिडे विश्व कप में कुल 18 में से 7 पदक जीतकर विश्व शतरंज में अपने बढ़ते प्रभुत्व का एक बार फिर प्रदर्शन किया है। यह इस आयोजन में किसी भी देश द्वारा जीते गए सर्वाधिक पदकों का रिकॉर्ड है, जिसने भारत की वैश्विक शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को और मजबूत किया है।

# एडेन मारक्रम-मैथ्यूज जून के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

- **प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार फिर से प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है: हेली मैथ्यूज**

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मारक्रम को पुरुष वर्ग और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज को महिला वर्ग में जून 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

मारक्रम ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपने साथी खिलाड़ी कैगिसो रबाडा और श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसां. का को पछाड़कर पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता। 30 वर्षीय सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने 207 गेंदों पर 136 रनों की शानदार पारी खेली और कप्तान तेम्बा बावुमा के साथ तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी कर 282 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। पाँच विकेट की इस जीत ने दक्षिण अफ्रीका को 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार आईसीसी खिताब जीतने में मदद की। इसके साथ मारक्रम ने दोनों पारियों में एक-एक विकेट भी लिया। महिला वर्ग में मैथ्यूज ने दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स और हमवतन अफी फ्लेचर को पछाड़कर ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर के बाद चार बार यह पुरस्कार जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गईं। वेस्टइंडीज की कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में 104 रन बनाए, जिसमें तीसरे मैच में एक अर्धशतक भी शामिल है। उन्होंने श्रृंखला में चार विकेट भी लिए। जून माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर मार्कराम ने कहा कि यह पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। हमारी टीम और दक्षिण अफ्रीका के लिए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की जीत में योगदान देना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैथ्यूज ने कहा कि प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार फिर से प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं हाल ही में अपने प्रदर्शन से खुश हूँ, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम की सफलता में योगदान देना बहुत अच्छा रहा।खासकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक कड़ी टी-20 सीरीज में।

# डकेट के विकेट का जश्न मनाने पर सिराज पर लगा जुर्माना



**लॉड्र्स, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर बेन डकेट का विकेट लेने पर प्रतिक्रिया स्वरुप जश्न मनाने और बल्लेबाज से टकराने को लेकर 15 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया और एक डेमैरिट अंक उनके खाते में जोड़ा गया।

यह घटना भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन हुई। बेन डकेट को आउट करने के बाद मोहम्मद सिराज द्वारा व्यक्त की गई प्रतिक्रिया और वापस लौट रहे बल्लेबाज से टकराने को लेकर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया। 24 महीने की अवधि में यह दूसरी बार है जब उनके खाते मे डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। उन्हें आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

# एमआई न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब

- **कुंवरजीत की 13 गेंदों में नाबाद 22 रनों की तेज पारी एमआई की जीत में अहम साबित हुई**




**वॉशिंगटन, वार्ता।** एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराकर मेजर लीग क्रिकेट 2025 का खिताब जीता।

अमेरिका के डलास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक ने सबसे अधिक 77 रनों की पारी खेली। मोनांक पटेल ने भी तेज 28 रन जोड़े। कुंवरजीत सिंह की 13 गें. दों में नाबाद 22 रनों की तेज पारी एमआई न्यूयॉर्क के स्कोर को 180 तक पहुंचाने में अहम साबित हुई। वाशिंगटन फ्रीडम के पास खिताब बचाने का अच्छा अवसर था क्योंकि ग्लेन मैक्सवेल और ग्लेन फिलिप्स आखिरी ओवर में क्रीज पर थे, लेकिन 22 साल के अमेरिकी गें. दबाज रशील उगारकर ने दबाव में शानदार गेंदबाजी की और आखिरी ओवर में 12 रन बचाते हुए एमआई न्यूयॉर्क को दूसरी बार चैंपियन बना दिया। वाशिंगटन की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

पहले ही ओवर में शून्य स्कोर पर ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल ओवेन और एंड्रीस गाउस को आउट कर दिया। इसके बाद रचिन रविंद्र ने 41 गेंदों में 70 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। जैक एडवर्ड्स ने भी 22 गेंदों में 33 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच 84 रनों की साझेदारी हुई, जिससे वाशिंगटन की उम्मीदें जिंदा रहीं। मगर उगारकर और नोस्थुश केनजिगे ने अहम विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया।

# हमारे ड्रेसिंग रूम में अभी भी मजबूत बल्लेबाज है, जो जीत दिला सकते है: वॉशिंगटन

- **हमने जैसा सोचा था चीजें पूरी तरह से वैसी नहीं हुई, लेकिन हम सकारात्मक मानसिकता के साथ फिर आएंगे**

**लॉड्र्स, वार्ता।** इंग्लैंड की दूसरी पारी में चार विकेट झटकने वाले भारतीय टीम के ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने कहा कि अभी भी हमारे ड्रेसिंग रूम में मजबूत बल्लेबाज है जिनके दम पर हम यह टेस्ट जीत सकते है।चौथे दिन के खेल की समाप्ति के बाद वॉशिंगटन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमने जैसा सोचा था चीजे पूरी तरह से वैसी नहीं हुई लेकिन हम सकारात्मक मानसिकता के साथ कल आएंगे।

ड्रेसिंग रूम में अभी भी हमारे पास काफी मजबूत बल्लेबाज मौजूद हैं। लॉर्ड्स में टेस्ट जीतना बेहद खास होगा। इंग्लैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन को लेकर वॉशिंगटन ने कहा कि यह गेंद के साथ मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ दिनों में से एक था, विशेष रूप से भारत के बाहर। मैं इस मैच से पहले कुछ योजना के साथ आया था और मैं उस रणनीति को अमलीजामा पहनाना चाहता था। मैं टीम के लिए हर चरण में योगदान देना चाहता था और मैं जिस तरह से प्रदर्शन करने में सफल रहा यह मेरे लिए सुखद अनुभव है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है। विशेषकर इंग्लैंड में प्रदर्शन करना मेरे लिए काफी मायने रखता है क्योंकि इससे पता चलता है कि मैं इन परिस्थितियों में भी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं।



# शादी के सात साल बाद अलग हुए साइना नेहवाल-पारुपल्ली

- **साइना नेहवान ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने अलग होने की पुष्टि की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप शादी के सात साल बाद आधिक. ारिक तौर पर अलग हो गए है। साइना ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने अगल होने की पुष्टि की।

उन्होंने लिखा कि कई बार जिंदगी हमें अलग रास्तों पर ले जाती है। सोच-विचार के बाद, कश्यप पारुपल्ली और मैंने अलग होने का फैसला लिया है। हम शांति, आगे बढ़ने और खुद को समझने के रास्ते को चुन रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा कि बीते पलों के लिए शुक्रिया और आगे के लिए शुभकामनाएं। इस समय हमारी निजता का सम्मान करने के लिए धन्यवाद। भारतीय खेलों में कभी शक्तिशाली जोड़ी माने जाने वाले इस जोड़े ने हैदराबाद स्थित पुलेला गोपी. चंद अकादमी में एक साथ प्रशिक्षण लिया और बाद में 2004 में डेलटग शुरू की। करीब दस वर्ष की मित्रता के बाद 2018 में दोनों खिलाड़ी वैवाहिक बंधन में बंधे थे। वर्षो तक दोनों भारतीय खेल जगत की सबसे चर्चित जोड़ी में रहे। दोनों ही खिलाड़ियों का पेशेवर सफर उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरा रहा है। साइना ने 2012 के लंदन ओलंपिक में विश्व की नंबर वन रैंलकग और कांस्य पदक जीतकर अपनी पहचान बनाई, वहीं पारुपल्ली ने 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर और डब्ल्यूएफ की शीर्ष 10 रैंलकग में जगह बनाई। पारुपल्ली ने 2024 में बैडमिंटन से संन्यास ले लिया था। बीते कुछ सालों में वह साइना के कोच भी रहे। उनका रिश्ता पहले ट्रेनिंग पार्टनर से कोच-एथलीट की जोड़ी में बदला।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को 143 रन पर रोका

- **दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने स्टंप तक 6 विकेट पर 99 रन बना लिए है**

**जमैका, वार्ता।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 के स्कोर पर समेटने के बाद 82 रनों की बढ़त हासिल कर ली इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए स्टंप्स तक छह विकेट पर 99 रन बना लिए हैं और कुल 181 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने एक विकेट पर 16 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और एक-एक करके विकेट गवां रहे। वेस्टइंडीज का दूसरा विकेट ब्रैंडन किंग (14) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान रॉस्टन चेज (18), जॉन कैंपबेल (36), मिकाइल लुईस (सात), शे होप (23), अल्जारी जोसेफ (दो) रन बनाकर आउट हुए। जस्टिन ग्रीव्स (18) रनआउट हुए। शमार जोसेफ (आठ) के रूप में वेस्टइंडीज का आखिरी विकेट 52-1 ओवर में 143 रन पर गिरा। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 82 रनों की बढ़त ले ली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट लिए। जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। मिचेल स्टार्क और बो वेब्स्टर को एक-एक विकेट मिला। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। सैम कॉन्स्टास (शून्य) और उस्मान ख्वाजा (14) रन बनाकर आउट हुए। दोनों ही बल्लेबाजों को शमार जोसेफ ने आउट किया। इसके बाद अल्जारी जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के तीन बल्लेबाजों को आउट किया। स्टीव स्मिथ (पांच), एलेक्स कैरी (तीन), बो वेब्स्टर (13) रन बनाकर आउट हुए। ट्रेविस हेड (16) को ग्रीव्स ने आउट किया। दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 99 रन बनाकर लिए है और उसकी कुल बढ़त 181 रनों की हो गई। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने तीन और शमार जोसेफ ने दो विकेट लिए। जस्टिन ग्रीव्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाये थे।

## रग्बी विश्वकप 2027 क्वालीफाई को लेकर भिड़ेंगे जिम्बाब्वे और नामीबिया

**कंपाला, वार्ता।** जिम्बाब्वे और नाम. ीबिया रग्बी अफ्रीका कप फाइनल में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया में 2027 में होने वाले रग्बी विश्वकप में सीधा क्वालीफाई के लिए भिड़ेंगे। नामीबिया ने रविवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अधिकतर समय गेंद पर कब्जा और क्षेत्र में दबदबा बनाये रखते हुए अल्जीरिया को 21-7 से हराया। अगर नामीबिया इस फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करता है तो यह आठवीं बार होगा जब वह विश्वकप में जगह बनायेगा। वहीं मंडेला नेशनल स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में जिम्बाब्वे ने केन्या को 29-23 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिम्बाब्वे हाफटाइम तक केन्या से 18-13 से पीछे था, लेकिन दूसरे हाफ में उसने वापसी करते हुए 16 अंक बनाकर जीत हासिल की।

# भारत का गौरव

भारत के लिए यह बेहद गौरव की बात है कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री सुधांशु शुक्ला अंतरिक्ष में अपनी सफल यात्रा कर धरती की ओर लौट रहे हैं। वह सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएसएस) से रवाना हो गए। वह अपने तीन अंतरिक्ष यात्रियों के साथ लौट रहे हैं। उनके मंगलवार अपरान्ह तीन बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेस एक्स का ड्रेगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4 बजकर 35 मिनट पर आईएसएस से अलग हो गया। एग्जिओम स्पेस के अनुसार 22:5 घंटे के बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया। जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे। भारत भी अपने अंतरिक्ष मिशन गगन यान की तैयारी कर रहा है और जल्द ही इसे लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। शुभांशु शुक्ला गगन यान मिशन के लिए भी चयनित संभावित क्र में शामिल हैं। वह इस क्रू में एकमात्र ऐसे सदस्य बन गए हैं जिनके पास अंतरिक्ष यात्रा का भी अनुभव होगा, जो इसरो के मिशन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, जैसाकि हम जानते हैं शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 25 जून को धरती से रवाना हुए थे और यह मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। 41 साल पहले राकेश शर्मा ने यह गौरव हासिल किया था। वैसे भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं। बताया जा रहा है कि शुल्का ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया, जिसमें भारत के साथ प्रयोग शामिल थे, उन्होंने मैथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी प्रयोग में भी हिस्सा लिया। अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किए गए। निश्चित रूप से इस तरह के मिशन में भाग लेने से भारत के वैज्ञानिकों में उत्साह का नया संचार पैदा होता है। विशेषकर युवाओं के लिए इस तरह के मिशन बेहद प्रेरक साबित होते हैं। शुभांशु शुक्ला ने आठ जुलाई को तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ बातचीत की थी और उसका मकसद यही था कि युवाओं में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के प्रति रूचि बढ़ी। उन्होंने 28 जून को अंतरिक्ष से ही पीएम मोदी के साथ लाइव वीडियो कान्फ्रेंस की थी, जिसमें पीएम उनसे पूछा था कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं, क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु शुक्ला ने हामी भरी थी और कहा था कि सबने बैठकर साथ खाया। अब सभी की नजर इस बात पर लगी है जब वह धरती पर लौटेंगे, तो अपने अनुभव साझा करेंगे, पूरा देश व दुनिया उनकी अंतरिक्ष यात्रा के अनुभव साझा करने के लिए पूरी तरह उत्सुक दिखाई दे रहा है, जोकि स्वाभाविक भी है। अब जबकि अपने पहले अंतरिक्ष मिशन के लिए भारत तैयारी कर रहा है, यह वह गगन यान नाम देकर कर रहा है। निश्चित रूप से शुभांशु शुक्ला भारत के इस मिशन में अपनी भूमिका निभाएंगे।

## सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी



समाज में कुछ ऐसे लोग भी होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ केस दाखिल कर सकें, अगर सिस्टम में अनुशासन चाहिए, तो सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी है, कई बार अदालत का आदेश ऐसे काम भी करवा देते हैं, जो सरकार नहीं करवा पातीं, समाज में कुछ लोगों को सरकार के खिलाफ अदालत में याचिकाएं दाखिल करनी चाहिएं, इससे नेताओं और सिस्टम में अनुशासन आता है, ऐसा इसलिए क्योंकि जनता को लुभाने की राजनीति नेताओं-मंत्रियों के आड़े आती है और वे जनहित में कदम नहीं उठा पाते, प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने के लिए यह जरूरी चीज है।

**-नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री**

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव



**ललित गर्ग**




भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रुपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं।

विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्र-विरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दापाश करता है, जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।

आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। यह नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड्यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है, क्योंकि नकली नोट बाजार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नए भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गांव और गरीब तक पहुंचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अ.श्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिए डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियां समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड्यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुंचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है।


डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहां एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को 21वीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की मांग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहां नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है।

निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# Y क्रोमोसोम रहित ट्यूमर अधिक घातक होते हैं

**शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिक. ाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा को. शिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।**




यह बात तो पता है कि पुरुषों में उम्र के साथ कुछ कोशिकाओं से क्रोमोसोम नदारद होने लगते हैं, खासकर कैंसर कोशिकाओं से, लेकिन यह मालूम नहीं था कि क्रोमोसोम की अनुपस्थिति से शरीर पर किस तरह के प्रभाव पड़ते हैं। अब, कैंसर विशेषज्ञों ने कैंसर कोशिकाओं के एक ताजा अध्ययन में पाया है कि यदि कैंसर ट्यूमर से क्रोमोसोम नदारद होता है तो मरीज के लिए अधिक घातक हो सकता है।

दरअसल, 2023 में एरिजोना विश्वविद्यालय के कैंसर विशेषज्ञ थियोडोरस्क्यू और उनके दल ने पाया था कि क्रोमोसोम का नदारद होना मनुष्यों में मूत्राशय के कैंसर की आक्रामकता को बढ़ाता है। उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा कोशिकाओं से भी Y क्रोमोसोम गायब हो सकते हैं, जिससे कैंसर से मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है।

हालिया अध्ययन में उपरोक्त शोधदल ने कैंसर-कोशिका जीनोम के विशाल भंडार से प्राप्त जानकारी के आधार पर दो समूहों की तुलना की। Y क्रोमोसोम विहीन और ल क्रोमोसोम सहित। उन्होंने पाया कि पुरुषों में, कई प्रकार के कैंसर में, कैंसर ट्यूमर से Y क्रोमोसोम नदारद हो तो वे उन मरीजों की तुलना में जल्दी मर जाते हैं जिनके कैंसर ट्यूमर में Y क्रोमोसोम मौजूद होता है। यह भी पता चला कि Y क्रोमोसोम का लोप कैंसर कोशिकाओं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं दोनों में होता है। गौरतलब है कि प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर की रक्षा के लिए ट्यूमर पर हमला करती हैं। अब, महज कैंसर कोशिकाओं से Y क्रोमोसोम का लोप होता है तो उनमें अन्य उत्परिवर्तनों की संख्या और गंभीरता बढ़ती है। साथ ही, कुछ ऐसे परिवर्तन भी हो सकते हैं जिससे ट्यूमर प्रतिरक्षा प्रणाली की नजर से बच निकले, उसकी पकड़ में न आए, लेकिन यदि Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं में भी हो जाता है तो असर अलग होते हैं Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं को निष्क्रिय कर देता है और प्रतिरक्षा तंत्र को शांत कर देता है, जिससे वे कैंसर से लड़ने के उतनी काबिल नहीं रहतीं। यानी, एक तो ट्यूमर बहुरूपिया, ऊपर से प्रतिरक्षा कोशिकाओं की नजर कमजोर। यह स्थिति मरीज के लिए घातक साबित होती है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा कोशिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।

**स्रोत फीचर्स**

# ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजनाः पर्यावरण से खिलवाड़



**विनीत नारायण**

ग्रेट निकोबार द्वीप, जो भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का हिस्सा है, अपनी अनूठी जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। यह द्वीप भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु, इंदिरा पॉइंट, होने के साथ-साथ यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व भी है। कुछ समय पहले नीति आयोग द्वारा प्रस्तावित रुपये 72,000 करोड़ की ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना ने इस क्षेत्र को वैश्विक व्यापार, पर्यटन और सामरिक महत्व का केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस परियोजना में एक अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, एक टाउनशिप और एक गैस और सौर ऊर्जा आधारित पावर प्लांट का निर्माण शामिल है। इस परियोजना को लेकर पर्यावरणविदों, आदिवासी अधिकार कार्यकर्ताओं और विपक्षी दलों ने गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।

ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को नीति आयोग ने 2021 में शुरू किया था, जिसका उद्देश्य इस द्वीप को एक आर्थिक और सामरिक केंद्र के रूप में विकसित करना है। यह द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थित है, जो विश्व के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक है। परियोजना के तहत 16,610 हेक्टेयर भूमि का उपयोग किया जाएगा, जिसमें से 130.75 वर्ग किलोमीटर प्राचीन वन क्षेत्र शामिल है। इस परियोजना को राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों ने इसे विवादों के केंद्र में ला खड़ा किया है।

ग्रेट निकोबार द्वीप 1989 में बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया गया था और 2013 में यूनेस्को के मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम में शामिल किया गया। यह द्वीप 1,767 प्रजातियों के साथ एक समृद्ध जैव विविधता का घर है, जिसमें 11 स्तनधारी, 32 पक्षी, 7 सरीसृप और 4 उभयचर प्रजातियां शामिल हैं, जो इस क्षेत्र में स्थानिक हैं। परियोजना के लिए लगभग 9.6 लाख से 10 लाख पेड़ों की कटाई की जाएगी, जो द्वीप के प्राचीन वर्षावनों को अपूरणीय क्षति पहुंचाएगी। यह न केवल स्थानीय वनस्पतियों और जीवों को प्रभावित करेगा, बल्कि प्रवाल भित्तियों ढ्ढकोरल रीफ्सत्रह्न और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुंचाएगा।



गलाथिया खाड़ी, जहां ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल प्रस्तावित है, लेदरबैक कछुओं और निकोबार मेगापोड पक्षियों का प्रमुख प्रजनन स्थल है। 2021 में गलाथिया खाड़ी वन्यजीव अभयारण्य को डिनोटिफाई कर दिया गया, जो भारत के राष्ट्रीय समुद्री कछुआ संरक्षण योजना 2021 के विपरीत है। यह कछुओं और अन्य समुद्री प्रजातियों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है, क्योंकि बंदरगाह निर्माण से होने वाला प्रदूषण, ड्रेजिंग, और जहाजों की आवाजाही उनके प्रजनन और अस्तित्व को प्रभावित करेगी। द्वीप पर शोम्पेन और निकोबारी आदिवासी समुदाय रहते हैं, जो विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के रूप में वर्गीकृत हैं। यह समुदाय अपनी आजीविका और संस्कृति के लिए जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। परियोजना से इनके पारंपरिक क्षेत्रों का 10 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित होगा, जिससे उनकी सामाजिक संरचना और जीविका पर खतरा मंडराएगा। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बाहरी लोगों के संपर्क से इन जनजातियों में रोगों का खतरा बढ़ सकता है, जिससे उनकी आबादी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच सकती है। ग्रेट निकोबार द्वीप अंडमान-सुमात्रा फॉल्ट लाइन पर स्थित है, जो भूकंप और सुनामी के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। 2004 की सुनामी ने इस क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया था। पर्यावरण प्रभाव आकलन में भूकंपीय जोखिमों को कम करके आंका गया है और विशेषज्ञों का कहना है कि परियोजना के लिए साइट-विशिष्ट भूकंपीय अध्ययन नहीं किए गए। यह एक बड़े पैमाने पर आपदा का कारण बन सकता है। परियोजना के लिए काटे गए जंगलों की भरपाई के लिए हरियाणा और मध्य प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण का प्रस्ताव है, लेकिन यह क्षेत्र निकोबार की जैव विविधता से कोई समानता नहीं रखते। यह पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने में असमर्थ है। पर्यावरण मंजूरी प्रक्रिया और मूल्यांकन दस्तावेजों को राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर गोपनीय रखा गया है। विशेषज्ञों का तर्क है कि केवल हवाई अड्डे का सामरिक महत्व हो सकता है, न कि पूरी परियोजना का। पारदर्शिता की यह कमी परियोजना की वैधता पर सवाल उठाती है। विपक्षी दलों, विशेष रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, ने परियोजना को पारिस्थितिक और मानवीय आपदा करार दिया है। पर्यावरणविदों और नागरिक समाज संगठनों ने इसे जैव विविधता और आदिवासी अधिकारों के लिए खतरा बताया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने 2023 में परियोजना की पर्यावरण और वन मंजूरी की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की थी, लेकिन इसके बावजूद परियोजना को आगे बढ़ाने में जल्दबाजी दिखाई दे रही है।

ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है, लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पारदर्शी और व्यापक पर्यावरण प्रभाव आकलन, आदिवासी समुदायों के साथ उचित परामर्श और भूकंपीय जोखिमों का सटीक मूल्यांकन आवश्यक है। इसके साथ ही, परियोजना के आर्थिक व्यवहार्यता की पुनरू समीक्षा होनी चाहिए, क्योंकि भारत में हाल ही में शुरू हुआ विशाखापत्तनम का ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल पहले से ही वैश्विक व्यापार में योगदान दे रहा है।

पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। जैसे कि परियोजना क्षेत्र को CRZ 1A क्षेत्रों से बाहर रखा जाए। आदिवासी समुदायों को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाए। भूकंपीय जोखिमों के लिए साइट-विशिष्ट अध्ययन किए जाएं। निकोबार के भीतर ही प्रतिपूरक वनीकरण पर ध्यान दिया जाए। ग्रेट निकोबार द्वीप भारत की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। इसे बचाने के लिए विकास और संरक्षण के बीच संत. ुलन बनाना होगा। भ्रामक तथ्यों के आधार पर जल्दबाजी में लिए गए निर्णय न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएंगे, बल्कि भारत की वैश्विक पर्यावरण संरक्षण प्रतिबद्धताओं को भी कमजोर करेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सभी देशवासियों को 'शाह टाइम्स' रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

शाह टाइम्स
के 25 वर्ष पूरे होने पर
स्थापना दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
जयंत चौधरी
राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल
अरशद अल्वी
पूर्व चैयरमैन प्रत्याशी बहसूमा
हाजी जहीर अब्बासी
जिला उपाध्यक्ष मेरठ



शाह टाइम्स के 25 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मदर इंफ्रा एण्ड डेवलपर्स
मेरठ/हापुड़ में इन्वेस्टमेंट और घर बनाने हेतु प्लाट बिकाऊ है)
ऑफिस 755, एल–ब्लॉक आनंद विहार निकट डीएम ऑफिस, जनपद हापुड़।
सम्पर्क करेंः–8791812031

S.G. Group of Institutions
(We are Number One in Education)
SHRI GURU HAR GOVIND SAHAB JI MEMORIAL COLLEGE OF EDUCATION
सीधा प्रवेश
College Code: 220080
B.T.C. (D.EL.Ed.)
D. Pharma
Sardhana Binoli Road, MM.:9760111054, 96393 03101
Sanjay Chaudhary
Director

प्रेम हॉस्पिटल
बिजली बम्बा बाईपास, दिल्ली रोड़, मेरठ।
PREM HOSPITAL
Inspiring Healing, Empowering Lives
अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज कराना हुआ आसान!
प्रेम हॉस्पिटल - अब हर बीमारी का समाधान, एक ही छत के नीचे।

डॉ. आर. पी. शर्मा (त्वचा रोग विशेषज्ञ)
सोमवार, बुधवार, शुक्रवार
सुबह 11:00 से दोपहर 12:00 बजे तक
इलाज: त्वचा संबंधी रोग, झाइयां, फंगल इन्फेक्शन, दाद, खाज–खुजली मुंहासे, बाल झड़ना, त्वचा पर सफेद दाग, यौन रोग आदि।

डॉ. आरती शर्मा (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)
सोमवार से शनिवार
दोपहर 2:00 से रात 8:00 बजे तक
इलाज: पीरियड्स की समस्या, प्रेग्नेंसी देखभाल, बांझपन, PCOD सामान्य/ऑपरेशन डिलीवरी, बच्चेदानी से जुड़ी समस्याएं।

डॉ. अनुज शर्मा (सर्जन – AIIMS)
सोमवार से शनिवार
दोपहर 2:00 से रात 8:00 बजे तक
इलाज: हर्निया, पाइल्स, पित्त की थैली की पथरी, थायरॉयड बवासीर, फिशर, एपेंडिक्स, फिस्टुला, छोटी–बड़ी सर्जरी

डॉ. दिव्यांशु गुप्ता (बाल रोग विशेषज्ञ)
सोमवार से रविवार
सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक
इलाज: नवजात बच्चों की देखभाल, खांसी–जुकाम, बुखार कुपोषण, टीकाकरण, डायरिया, अस्थमा।

डॉ. अपूर्व गर्ग (हडड्ी रोग विशेषज्ञ)
मंगलवार एवं शुक्रवार
दोपहर 2:00 से 3:00 बजे तक
इलाज: जोड़ों का दर्द, पीठ दर्द, आर्थराइटिस, फ्रैक्चर स्लिप डिस्क, साइटिका, घुटनों की समस्या

डॉ. जीशान खान (जनरल मेडिसिन–AIIMS एक्स–रेजिडेंट)
सोमवार से शनिवार
दोपहर 3:00 से 5:00 बजे तक
इलाज: बुखार, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, हाई बीपी, डायबिटीज थायरॉयड, लीवर/किडनी की समस्याएं

Pathkind Labs
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
+91 70809 08010
सुविधाएँ
ई.एन.टी न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, डियोलॉजी
एनआईसीयू–आईसीयू, प्रसूति एवं स्त्री रोग, त्वचा
कॉस्मेटिक सर्जरी, स्त्री रोग सर्जरी, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिक
आयुष्मान एवं समस्त इंश्योरेंस पैनल में कैशलेश सुविधा उपलब्ध* यूरोलॉजी एवं सर्जरी के लिए

NABH से मान्यता प्राप्त
YOUR HEALTH OUR CONCERN
ISO 9001:2008 Certified
(अति आधुनिकतम और उत्तम स्वास्थ्य सुविधाओं से पूर्ण)
जसवन्त राय स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
मेरठ स्पोटर्स स्टेडियम के सामने, मवाना रोड, मेरठ, फोन : 0121–2663887, 2663888

सर्जिकल सुविधाएं
- ओपन हॉर्ट / बाईपास सर्जरी
- हड्डी रोग, ज्वाइंट रिप्लेसमैन्ट, ट्रॉमा, ओर्थोस्कोपी
- मस्तिष्क एवं स्पाईनल सर्जरी
- यूरो – सर्जरी (लियोट्रिप्सी, पीसीएनएल, यूआरएस)
- ऑन्को सर्जरी (कैंसर सर्जरी)
- जनरल सर्जरी
- लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
- बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी
- ईएनटी सर्जरी

मैडिकल सुविधाएं
- हृदय रोग से सम्बन्धित सभी बीमारियां
- वेल्व्योलोप्लास्टी
- कोरोनरी एन्जियोग्राफी
- पेरीफेरल एन्जियोग्राफी
- एन्जियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- इकोकार्डियोग्राफी
- इंटेन्सिव कार्डियक केयर यूनिट (आईसीसीयू)
- गैस्ट्रोएन्ट्रोलोजी (पाचन तंत्र)
- कोलोनोस्कॉपी
- ई.आर.सी.पी
- एंडोस्कोपीक अल्ट्रासाउंड
- एंडोस्कोपी
- अल्ट्रासाउंड
- नैफ्रोलोजी (गुर्दा रोग)
- न्यूरोलोजी (नाड़ी तंत्र)
- पीडियाट्रिक्स
- नवजात शिशु केयर यूनिट (नर्सरी)
- जनरल मेडिसिन (फिजीशियन)
- चेस्ट एण्ड ब्रोन्कोलोजी
- इंटेन्सिवकेयर यूनिट (आईसीयू)
- फिजियोथेरेपी
- पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक व कम्पोनेन्टस
- रेडियोलोजी (एमआरआई, सी.टी. स्कैन)

24 घण्टे इमरजेंसी सुविधायें उपलब्ध है।

List of Empanelled Agencies Corporate } • CGHS (Central Government Health Scheme) • U.P. Power Corporation Ltd. (Hydel) • ECHS (Ex-Servicemen Contributory Health Scheme) • University Grants Commission • BSNL (Bharat Sanchar Nigam Ltd.) • Northern Railway • Power Grid Corporation • Indian Oil Corporation

T.P.A.
- Family Health Plan (TPA)
- United Health Care (TPA)
- Med Save Health Services (TPA)
- Paramount Health Care (TPA)
- Good Health Plan Ltd. (TPA)
- Bajaj Allianz General Insurance (TPA)
- E-Meditek Solutions Limited (TPA)
- Vidal Health TPA (TPA)
- Genins India TPA Pvt Ltd.
- Universal Medi-Aid Services (TPA)
- Vipul Med Corp (TPA)
- Star Health Services (TPA)
- Dedicated Health Care (TPA)
- Raksha TPA Pvt. Ltd. (TPA)
- Medicare TPA Services (TPA)
- Medi Assist India Pvt Ltd. (TPA)
- Focus Health Care (P) Ltd. (TPA)
- Rothshield Health Care (TPA)
- I-Health Care (ICICI Lombard) (TPA)
- I Care Health Management TPA Pvt. Ltd. (TPA)
- HDFC ERGO General Insurance (TPA)
- CHOLA MANDLAM (TPA)
- Park Mediclaim (TPA)
- Safeway TPA Services (TPA)
- Future Generali health ins. (TPA)
- IFFCO TOKIO Insurance (TPA)
- Spurthi Meditek (TPA)
- Alankit Health Care (TPA)
- Max Bupa Gen Insurance (TPA)
- R-Care Healthcare (TPA)
- Happy Insurance (TPA)
- Ericson TPA Healthcare Pvt. Ltd. (TPA)
- Health India Insurance TPA Services Pvt. Ltd. (TPA)
- Health Insurance TPA India Ltd. (TPA)
- Apollo Munich Health Insurance (TPA)
- Rapid Rail Metro Rail

सभी प्रदेशवासियों को 'शाह टाइम्स'
की रजत जयंती
पर हार्दिक शुभकामनाएं
ASP
शाहजेब रिजवी
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
संभावित प्रत्याशी सरधना विधानसभा

SHRI VENKATESHWARA UNIVERSITY
Established by U.P. Act No. 26 of 2010 and Recognized u/s 2(f) of UGC Act,1956
ADMISSIONS OPEN for Session 2025-26
www.svu.edu.in
info@svu.edu.in
State Rank 3
Changing lives forever.
देशभर में 16वीं रैंक एवं यू0पी0 के विश्वविद्यालयों के बीच शीर्ष 3rd रैंक

- School of Engineering & Technology
  Diploma in Engg. | B.Tech | M.Tech. BCA | MCA
- School of Mass Communication
  BA (JMC) | MA (JMC)
- School of Commerce & Management
  BBA | MBA | B.Com | M.Com
- School of Library & Information Sciences
  BLIS | MLIS
- School of Humanities & Languages
  B.A. | M.A.
- School of Paramedical Sciences
  Diploma in Emergency & Trauma Care Tech.
  Diploma in Operation Theatre Technician
  Diploma in Hospital Record Keeping
- School of Pharmaceutical Sciences
  D.Pharma | B.Pharma | M.Pharma
- School of Law
  B.A. LL.B. | LL.B. | LL.M.
- School of App. Science
  B.Sc. | M.Sc. (PCM/ZBC/Industrial Chemistry)
- School of Education
  B.Ed. | B.Sc. B.Ed. | B.A. B.Ed. | D.El.Ed.
- School of Agriculture Science
  B.Sc. (Agriculture) | M.Sc. (Agriculture)
- School of Vocational Studies (B.Voc)
  Degree Courses
  (Para Medical, Agri. & Management)
  B.Voc (Technology) | B.Voc (HM)
- School of Nursing
  ANM | GNM | B.Sc. Nursing | Post Basic Nursing

Approvals and Accreditations
U.P. State Govt. | INC | NCTE | UGC | PCI | MCI (NMC) | AIU | BCI | UPSMF

Our Major Recruiters

CAMPUS :
NH-24, Venkateshwara Nagar, Rajabpur, Gajraula, U.P.-244236

MEERUT (Information Centre) :
VGI Campus, NH-58 Delhi-Roorkee Bypass, Jatoli, Meerut

Admission Helpline :
7248500071, 8192997478, 8859500707, 8192999205